RNI NO. PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**

लुधियाना घाटी बने, आओ करें जुगाड़।
कचरे के कर दें खड़े, चारों ओर पहाड़।
चारों ओर पहाड़, चलाएं ऐसा चक्कर।
शिमला-नैनीताल, सभी को दें हम टक्कर।
कह साहिल कविराय, घूमने फिर सब आना।
वैली नंबर एक, बनें अपना लुधियाना।

प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल



VOL: 03 | ISSUE 337 | THURSDAY DATE 25-12-2025 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## संक्षिप्त खबरें

### एलवीएम3-एम6 के सफल लॉन्च को पीएम मोदी ने बताया गौरव का पल

**श्रीहरिकोटा, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए एलवीएम3 रॉकेट के इतिहास में अब तक का सबसे भारी पेलोड (6,100 किलोग्राम) को लॉन्च किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे गौरवपूर्ण पूर्ण क्षण बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस उपलब्धि को एक बड़ी छलांग बताते हुए लिखा, एलवीएम3-एम6 का सफल लॉन्च, जिसने भारतीय धरती से लॉन्च किए गए अब तक के सबसे भारी सैटेलाइट, यूएसए के ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 स्पेसक्राफ्ट को उसकी तय ऑर्बिट में पहुंचाया, भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक गौरवपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने लिखा, यह भारत की हेवी-लिफ्ट लॉन्च क्षमता को मजबूत करता है और ग्लोबल कमर्शियल लॉन्च मार्केट में हमारी बढ़ती भूमिका को और पक्का करता है।

### फिरोजाबाद में हीटर पर खाना बना रही गर्भवती जिंदा जली

**फिरोजाबाद, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।** उत्तरप्रदेश के फिरोजाबाद में हीटर पर खाना बना रही गर्भवती जिंदा जल गई। मटसेना के गांव लेखराजपुर में हुई घटना से अफरातफरी मच गई। ससुराल वाले शव पड़ा छोड़ भाग गए। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने आठ ससुराल वालों पर दहेज के लिए जलाकर मारने का आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। मक्खनपुर के गांव जाफराबाद निवासी 22 वर्षीय राधा की शादी दो वर्ष पूर्व प्रेम कुमार से हुई थी। सुबह आठ बजे राधा बिजली के हीटर पर खाना बना रही थी। तभी हीटर में करंट आने से राधा की जलकर मृत्यु हो गई। पड़ोसियों की सूचना पर पिता रतन सिंह और अन्य स्वजन पहुंचे। उनका आरोप था कि राधा के पैरों में हीटर से जलने के निशान थे। ससुराल वालों ने जलाकर मारा है। सूचना पर पुलिस पहुंची। रतन सिंह ने बताया कि ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे। 15 दिन पहले भी मारपीट की थी। तब थाने में समझौता हुआ था। बेटी की जलाकर हत्या के बाद पति और ससुराल वाले फरार हो गए। बेटी सात माह की गर्भवती थी।

## दिल्ली के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराना, हमारी प्राथमिकताः रेखा गुप्ता

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।**

दिल्ली के लोगों के बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के मकसद से दिल्ली की भाजपा सरकार युद्धस्तर पर कार्य कर रही है। अस्पतालों में मरीजों को किसी भी तरह से इलाज कराने में परेशानी न हो, इसका ख्याल स्वयं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता रख रही हैं, वह अस्पतालों के बारे में पल-पल की जानकारी ले रही हैं। इसी कड़ी में बुधवार को सीएम रेखा गुप्ता दिलशाद गार्डन स्थित राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल पहुंची जहां उन्होंने मरीजों का हाल-चाल लिया।



सीएम रेखा गुप्ता ने एक्स पोस्ट में लिखा कि दिलशाद गार्डन स्थित राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में आए मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर उनकी जरूरतें जानी और इलाज व व्यवस्थाओं की स्थिति को उनके नजरिए से समझा। सीएम ने आगे लिखा कि साथ ही ओपीडी, वार्ड और इमरजेंसी में मरीजों की सुविधा, सफाई, समय पर इलाज तथा डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि इलाज में देरी न हो और अस्पताल में आने वाला हर मरीज सम्मान, संवेदनशीलता और भरोसे के साथ देखभाल पाए।

## दिल्ली मेट्रो विस्तार परियोजना को लेकर मोदी बोले जीवन आसान और भीड़ होगी कम

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।**

केंद्रीय कैबिनेट ने दिल्ली मेट्रो के चरण 5(ए) परियोजना के अंतर्गत तीन नए कॉरिडोर बनाने को मंजूरी दे दी है। सरकार के इस फैसले से राजधानी का मेट्रो नेटवर्क बढ़ेगा, सफर सुगम होगा और भीड़भाड़ कम होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि दिल्ली के बुनियादी ढांचे को मिला बड़ा बढ़ावा। दिल्ली मेट्रो के चरण 5 (ए) परियोजना के अंतर्गत तीन नए कॉरिडोर के लिए कैबिनेट की मंजूरी से हमारी राजधानी के मेट्रो नेटवर्क का विस्तार होगा, जिससे जीवन की सुगमता बढ़ेगी और भीड़भाड़ कम होगी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तीन नए दिल्ली मेट्रो कॉरिडोर को मंजूरी दी है, जिनकी कुल लंबाई 16.076 किमी है। इस विस्तार का एक प्रमुख आकर्षण सेंट्रल विस्टा कॉरिडोर है, जो सभी कर्तव्य भवनों को निर्बाध मेट्रो



कनेक्टिविटी प्रदान करेगा, जिससे कार्यालय जाने वालों और आगंतुकों को घर के दरवाजे तक पहुंच सुनिश्चित होगी। इससे लगभग 60,000 कार्यालय कर्मचारियों और 2 लाख दैनिक यात्रा करने वालों को लाभ होने की उम्मीद है। ये कॉरिडोर आवागमन को काफी हद तक बढ़ाएंगे, यातायात की भीड़ और प्रदूषण को कम करेंगे, जीवाश्म ईंधन की खपत को घटाएंगे और राष्ट्रीय राजधानी में निवासियों और यात्रियों के लिए समग्र रूप से जीवन को आसान बनाएंगे। दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने मेट्रो के इस कॉरिडोर को कैबिनेट की मंजूरी मिलने पर कहा कि ये प्रधानमंत्री मोदी का विकसित दिल्ली के निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरगामी कदम है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दिल्ली सीएम ने लिखा कि इस विस्तार के साथ दिल्ली मेट्रो नेटवर्क 400 किलोमीटर के महत्वपूर्ण मील के पत्थर को पार करेगा, जो राष्ट्रीय राजधानी की शहरी कनेक्टिविटी को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। यह महत्वपूर्ण निर्णय दिल्लीवासियों के लिए सुरक्षित, सुगम और तीव्र परिवहन सुनिश्चित करेगा तथा ह्यईज ऑफ लिविंग के संकल्प को सशक्त रूप से साकार करने में भी अहम भूमिका निभाएगा।

उन्होंने आगे लिखा, 13 नए अत्याधुनिक स्टेशनों वाला यह विस्तार सड़क यातायात पर बढ़ते दबाव को कम करने, यात्रियों के समय की बचत करने तथा पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण में कमी लाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

## चंडीगढ़ महापौर चुनाव से पहले आप की दो महिला पार्षद बीजेपी में शामिल

**चंडीगढ़, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।** आम आदमी पार्टी (आप) की दो पार्षदों ने चंडीगढ़ महापौर चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गईं। सुमन और पूनम देवी ने जनवरी में होने वाले महत्वपूर्ण चुनावों से पहले अपनी निष्ठा बदली। बताया जा रहा हैं कि दोनों पार्षद पंचकुला में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर सकती हैं। इस बात को भगवा पार्टी के पक्ष में एक बड़ा घटनाक्रम माना जा रहा है, क्योंकि वह चंडीगढ़ में महापौर पद पर पुनः नियंत्रण पाने के प्रयास कर रही है। भाजपा की हरप्रीत कौर बाबला चंडीगढ़ की मौजूदा महापौर हैं। उन्होंने 19 वोट हासिल करके चुनाव जीता। क्रॉस-वोटिंग के एक उल्लेखनीय उदाहरण के बाद बाबला को आम आदमी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन से आगे निकलने में मदद मिली, जिसे केवल 17 वोट ही मिल सके। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह बुधवार को पंचकुला में कई कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए मौजूद हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, उनके दौरे से पहले, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को उन कार्यक्रमों की अंतिम तैयारियों की समीक्षा की, जिनमें शाह को भाग लेना है। सीएम सैनी ने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी हो चुकी हों।

## दिल्ली-एनसीआर की हवा सुधरी, सीएक्यूएम ने हटाईं ग्रैप-4 की पाबंदियां

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।**

दिल्ली-एनसीआर को प्रदूषण से राहत मिली। हवा में सुधार के बाद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्र वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली-एनसीआर से ग्रैप स्टेज-IV की पाबंदियां हटा दीं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और उससे सटे क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने



दिल्ली की वायु गुणवत्ता में लगातार सुधार को देखते हुए ग्रैप के स्टेज-IV के तहत लागू कड़े प्रतिबंधों को तत्काल प्रभाव से वापस लेने का निर्णय लिया है। हालांकि, स्टेज-I, II और III के तहत उपाय यथावत रहेंगे और उन्हें और अधिक सख्ती से लागू किया जाएगा। आयोग ने यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के निदेशों के अनुपालन में 21 नवंबर 2025 को जारी संशोधित ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) के तहत लिया।

## भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा राहुल-प्रियंका को देश मौका नहीं देगा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।**

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को निशाने पर लेते हुए कहा कि देश तो उन्हें पीएम बनने का अवसर देगा नहीं, घर में कोई भी पीएम बन सकता है।

दरअसल कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा था कि प्रियंका गांधी पीएम बनती हैं तो वे अपनी दादी इंदिरा गांधी की तरह मजबूत प्रधानमंत्री बन सकती हैं।

खेल महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर पहुंचे भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले वे अपने घर में तय करें कि कौन प्रधानमंत्री बनेगा, क्योंकि, उनके घर में राजतंत्र चलता है, लोकतंत्र नहीं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को कभी भी राहुल गांधी चुप करा सकते हैं। उनके



परिवार में पीएम बनने की बात का मतलब है प्रमुख मंत्री, देश को चलाने वाला नहीं। घर में प्रमुख मंत्री कौन बनेगा, जो भी बनेगा भ्रष्टाचारियों की सरकार ही बनाएगा। उन्होंने कहा कि वाड्रा घर के इस झगड़े को सड़क पर ले आए। भाजपा सांसद रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि रॉबर्ट वाड्रा अपनी पत्नी का बहुत स्नेह से भविष्य देख रहे हैं और उनकी माता अपने बेटे का भविष्य देख रही हैं, जबकि जनता किसी को भी नहीं देख रही है। यह सच्चाई है।

## निजी स्कूल फीस निर्धारण में पारदर्शिता की नई व्यवस्था दो समितियों के गठन से लागू हुआ कानून

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।**

दिल्ली में निजी स्कूलों की फीस निर्धारण प्रक्रिया को पारदर्शी, जवाबदेह और समयबद्ध बनाने की दिशा में दिल्ली सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि ह्यदिल्ली स्कूल एजुकेशन (ट्रांसपेरेंसी इन फिक्सेशन एंड रेगुलेशन ऑफ फीस) एक्ट, 2025ह्व और इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों को शैक्षणिक सत्र 2025-26 से प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है।



इस कानून के सफल क्रियान्वयन के लिए स्कूल स्तर और जिला स्तर पर दो महत्वपूर्ण समितियों, स्कूल लेवल फीस रेगुलेशन कमेटी (एसएलएफआरसी) और डिस्ट्रिक्ट लेवल फीस अपीलेट कमेटी (डीएलएफआरसी) का गठन अनिवार्य किया गया है।

शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने दिल्ली सचिवालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि यह कानून वर्ष 1973 से लागू दिल्ली स्कूल एजुकेशन एक्ट को पूरक बनाते हुए तैयार किया गया है, ताकि निजी स्कूलों की फीस निर्धारण प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके और अभिभावकों के हितों की रक्षा हो सके।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कानून प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शिक्षा मिशन व मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सरकार के अल्प कार्यकाल में व्यापक विचार-विमर्श के बाद लागू किया गया है। शिक्षा मंत्री के अनुसार हर निजी स्कूल में एसएलएफआरसी का गठन 10 जनवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से किया जाना है।

## जम्मू कश्मीर के पांच जिलों में हिमस्खलन की चेतावनी

**जम्मू, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।** जम्मू कश्मीर के ऊपरी इलाकों में हाल में हुई भारी बर्फबारी के मद्देनजर केंद्र शासित प्रदेश के पांच जिलों में हिमस्खलन की चेतावनी दी गई है। जिला अधिकारियों ने बताया कि डोडा, गांदरबल, किश्तवाड़, पुंछ और रामबन जिलों के लिए कम खतरे वाली हिमस्खलन की चेतावनी दी गई है। उन्होंने बताया कि अगले 24 घंटों के दौरान इन जिलों से 2,800 मीटर ऊपर हिमस्खलन होने की आशंका है। लोगों से हिमस्खलन की आशंका वाले इलाकों से बचने और सरकार की ओर से जारी परामर्श का पालन करने को कहा गया है। जम्मू कश्मीर के ज्यादातर ऊपरी इलाकों में इस हफ्ते हल्की से भारी बर्फबारी हुई है। हिमस्खलन, ढलान से तेजी से नीचे गिरने वाले पदार्थ का एक बड़ा ढेर। हिमस्खलन आमतौर पर तब शुरू होता है जब ढलान पर मौजूद पदार्थ अपने आस-पास से अलग हो जाता है, यह पदार्थ फिर तेजी से इकट्ठा होता है और ढलान से नीचे और भी पदार्थ ले जाता है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# क्रिसमस पर पुलिस अलर्ट, जारी हुई ट्रैफिक एडवाइजरी और रूट डायवर्जन प्लान

» नोएडा, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।




क्रिसमस पर्व को लेकर नोएडा पुलिस और यातायात पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है। 25 दिसंबर को क्रिसमस के अवसर पर शहर के प्रमुख बाजारों, मॉल और चर्चों में भारी भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। खासतौर पर सेक्टर-18, अट्टा मार्केट और शहर के प्रमुख मॉल क्षेत्रों के आसपास यातायात दबाव बढ़ने की आशंका जताई गई है। यातायात पुलिस द्वारा जारी निर्देशिका के अनुसार सेक्टर-18, अट्टा मार्केट, जीआईपी मॉल, गार्डन गलेरिया मॉल, डीएलएफ मॉल, लॉजिक्स मॉल, स्पाइस मॉल (मोदी मॉल), गौर मॉल, स्पेक्ट्रम मॉल, स्टार्लिंग मॉल और ग्रैंड वेनिस मॉल सहित विभिन्न चर्चों के आसपास भारी भीड़ जुट सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए इन इलाकों में सड़क किनारे वाहन खड़ा करने पर रोक लगाई गई है। वाहन चालकों को केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों में ही वाहन पार्क करने के निर्देश दिए गए हैं। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस ने रूट डायवर्जन प्लान भी लागू किया है। जरूरत पड़ने पर वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से निकाला जाएगा ताकि जाम की स्थिति न बने। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि अनावश्यक रूप से निजी वाहनों का प्रयोग न करें और जहां तक संभव हो सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करें। दिल्ली-एनसीआर में लगातार बढ़ रहे वायु प्रदूषण को देखते हुए यह अपील और भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई है। शहर के व्यस्ततम इलाकों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। मॉल, बाजार और चर्चों के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके और लोगों को सुरक्षित माहौल मिल सके। यातायात पुलिस ने कहा है कि नागरिकों के सहयोग से ही व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सकता है। यदि किसी भी स्थान पर यातायात संबंधी असुविधा या समस्या उत्पन्न होती है तो लोग यातायात हेल्पलाइन नंबर 9971009001 पर संपर्क कर सकते हैं।

## फटाफट खबरें

### जाम से निपटने के लिए पांच चौराहों का ड्रोन सर्वे कराएगा निगम

गाजियाबाद, यूटर्न/ 24 दिसम्बर। शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए नगर निगम की ओर से शहर के पांच चौराहों का ड्रोन सर्वे कराया जाएगा। इसके लिए नगर निगम की ओर से कार्य शुरू कर दिया गया है। सर्वे के बाद नगर निगम की ओर से इन चौराहों के समस्याओं को ध्यान में रखते हुए प्लान को तैयार किया जाएगा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि प्रथम चरण में शहर के पांच प्रमुख जाम प्रभावित स्थलों पर काम शुरू किया गया है। इनमें मालीवाड़ा चौक और चौधरी मोड़ सिटी जोन, काला पत्थर और सीआईएसएफ चौक इंदिरापुरम और नागद्वार मोहन नगर जोन शामिल हैं। वायु गुणवत्ता सुधार के लिए केवल सड़कों को धूल मुक्त करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि जाम की समस्या का समाधान भी उतना ही जरूरी है। जाम के कारण गाड़ियों से निकलने वाला धुआं प्रदूषण को और बढ़ाता है। इसी को देखते हुए पहले चरण में मालीवाड़ा चौक और काला पत्थर रोड की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने की योजना बनाई गई है। इन दोनों स्थलों पर 500 मीटर के दायरे में ड्रोन सर्वे कराया जाएगा ताकि जाम के वास्तविक कारणों की पहचान की जा सके। सर्वे के बाद यह तय किया जाएगा कि कहां कट या यू-टर्न की जरूरत है और कहां अवैध अतिक्रमण हटाकर रेहड़ी पटरी को व्यवस्थित किया जाना है। इस पूरी प्रक्रिया में यातायात विभाग के साथ भी समन्वय किया जाएगा। इस मौके पर एयर पॉल्यूशन एक्शन ग्रुप से पीयूष खत्री और ऋषभ भी उपस्थित रहे।

### पूर्व डीजीएम से शेयर ट्रेडिंग में निवेश करा 17.55 लाख रुपये ठगे

गाजियाबाद, यूटर्न/ 24 दिसम्बर। साइबर ठगों ने बीएसएनएल के सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक (डीजीएम) से शेयर ट्रेडिंग में फर्जी ग्रुप में निवेश कराकर 11.55 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने फाइनेंस विशेषज्ञ बताने वाले नादिर वर्मा और अमेरिका की एक बहुराष्ट्रीय निवेश कंपनी में महाप्रबंधक बताने वाली लीला को नामजद कर साइबर ठगों के खिलाफ तहरीर दी है। एडीसीपी पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि ट्रांस हिंडन क्षेत्र के वैशाली में रहने वाले केंद्र सरकार के पेंशनभोगी तेजपाल सिंह के मुताबिक 23 अक्तूबर 2025 को उन्हें व्हाट्सअप पर मैसेज भेजा गया। इसमें डी मार्केट वोलैटिलिटी रिसर्च ग्रुप में शामिल होने का लिंक था। इस ग्रुप में प्रतिदिन शाम के सात बजे खुद को शेयर बाजार का विशेषज्ञ बताने वाले नादिर वर्मा ग्रुप से जुड़े 160 सदस्यों को शेयर बाजार की बारीकियों के बाबत जानकारी देते थे। उन्होंने बताया कि जानकारी के अभाव में शेयर ट्रेडिंग में नुकसान होने का दावा किया। साथ ही एक ब्रोकर से जुड़ने और 300 से 500 प्रतिशत मुनाफा कमाने का दावा किया। इनके साथ खुद को अमेरिका की एक बहुराष्ट्रीय निवेश कंपनी में महाप्रबंधक और प्जेना ग्रुप की सदस्य लीला को ग्रुप में जुड़ने वालों के लिए अधिकृत किया। लीला ने आमंत्रण कोड भेजा और सत्यापन कर उन्हें प्जेना ग्रुप से जोड़कर निवेश करने का दबाव बनाया। एसबीआई और एक्सिस बैंक से उन्होंने 17 लाख 55 हजार रुपये निवेश किए। दोनों आरोपियों का दावा था कि वह भारतीय और अमेरिकी शेयरों में निवेश कर रहे हैं। उन्होंने आईपीओ दिसंबर माह में लॉन्च होने का दावा किया। दिसंबर के पहले सप्ताह में पीड़ित सहित 40-50 सदस्यों को दूसरे ग्रुप से जोड़ा और बताया कि भारतीय शेयर बाजार पर उनकी नई पुस्तक का विमोचन जनवरी 2026 को होगा।

## शिवसेना (यूबीटी) और मनसे ने तुष्टीकरण की राजनीति कर खुद का जनाधार खो दिया : फडणवीस

मुंबई, यूटर्न/ 24 दिसम्बर। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिवसेना (यूबीटी)-महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) गठबंधन को खारिज कर कहा कि दोनों पार्टियां राजनीतिक रूप से अप्रासंगिक होने के बावजूद अपने गठबंधन को लेकर कृत्रिम प्रचार की कोशिश में जुटी हैं। सीएम फडणवीस ने कहा कि गठबंधन को ऐतिहासिक घटना के रूप में पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा, वे इस तरह दिखा रहे हैं, जैसे रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता जैसी कोई ऐतिहासिक घटना घट रही हो, जिसमें राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अंततः आमने-सामने बैठे हों। यह प्रचार शिवसेना (यूबीटी) और एमएनएस दोनों द्वारा जानबूझकर किया गया है।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि दोनों पार्टियों ने तुष्टीकरण की राजनीति के द्वारा खुद को कमजोर किया है, जिससे उनके वोट बैंक में लगातार गिरावट हुई है। फडणवीस ने कहा कि ये वे पार्टियां हैं जिन्होंने तुष्टीकरण की राजनीति में लिप्त होकर और अपना जनाधार खो दिया है। इनके गठबंधन से जनता को कोई लाभ नहीं होगा।

\ीएम फडणवीस ने कहा कि अपने अस्तित्व को बचाने के हताश प्रयास में, उन्होंने हाथ मिला लिया है, यह मानकर कि कोई भी पार्टी अपने दम पर नहीं जीत सकती। हालांकि, महाराष्ट्र की जनता ने हमारा काम देखा है, और इसी आधार पर महायुति विजयी होगी। इसके पहले, ठाकरे भाई राज और उद्धव पहले बालासाहेब ठाकरे को श्रद्धांजलि देने और फिर जनवरी में होने वाले आगामी बीएमसी चुनावों के लिए गठबंधन की घोषणा करने के लिए एक साथ आए।

## ममता सरकार ने जानबूझकर करवाया हिंदू समुदाय पर लाठीचार्ज: प्रदीप भंडारी

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस शासित पश्चिम बंगाल सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने ममता सरकार पर हिंदू समुदाय के लोगों पर जानबूझकर लाठीचार्ज करवाने का गंभीर आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा, पश्चिम बंगाल में जब लोग बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही हिंसा और हिंदू भाई की बेरहमी से हत्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, तो उस समय पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार ने हमारे हिंदू भाइयों पर लाठीचार्ज का आदेश दिया। इससे पता चलता है कि पश्चिम बंगाल में, जहां पुलिस बाबरी मस्जिद की नींव रखने जैसे कामों का समर्थन करती है, वहीं हिंदू भाई के समर्थन में विरोध करने वालों पर लाठियां बरसाई जाती हैं।

उन्होंने कहा, यह तुष्टीकरण की हद है। ऐसा देश में कहीं और देखने को नहीं मिलता। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार ने बंगाली हिंदुओं के लोकतांत्रिक अधिकारों के बजाय चरमपंथी समूहों के हितों को चुना। आज पश्चिम बंगाल में झामां, माटी, मानुषह में हर जगह गुस्सा गूंज रहा है। हालात ऐसे हो गए हैं जैसा आप सबने हाजागो मांझ के बारे में सुना है, जो बंगाल की संस्कृति का हिस्सा है। अगर कोई सिंगर इसे गाता है, तो तृणमूल कांग्रेस का नेता उसे रोक देता है।

# परिवार और नाम बचाने की ठाकरे ब्रदर्स की यह आखिरी कोशिश: शहजाद पूनावाला

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे की पार्टी मनसे के बीच गठबंधन पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि ठाकरे ब्रदर्स अपने परिवार और नाम को बचाने के लिए यह आखिरी कोशिश कर रहे हैं।

समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में शहजाद पूनावाला ने कहा, जब भारतीय जनता पार्टी और महायुति ने महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनावों में ऐतिहासिक भारी बहुमत हासिल किया, उससे भी पहले जब हमने विधानसभा में बड़ी जीत हासिल की, तो अब भाजपा के घोर विरोधी भी अपना वजूद बचाने के लिए एक साथ आ रहे हैं।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के पास कोई मिशन या विजन नहीं है। वे सिर्फ अपनी पोजीशन बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

पूनावाला ने कहा, कांग्रेस और शिवसेना का एक साथ आना कभी संभव नहीं माना जाता था। क्योंकि दोनों दलों में काफी असमानताएं हैं। इनमें एक दल (शिवसेना) हिंदुत्व और वीर सावरकर को पूजता है, जबकि दूसरा दल (कांग्रेस) हिंदुत्व और सावरकर को गाली देता है। लेकिन दो धुर विरोधी दल भी साथ आने को मजबूर हो गए।

उन्होंने कहा कि फिलहाल उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे अपने नाम व परिवार को बचाने के लिए साथ आ रहे हैं, लेकिन इससे महाराष्ट्र में ज्यादा असर नहीं पड़ा, क्योंकि राज्य की जनता बहुत जागरूक है।

शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस से भी सवाल पूछा है। उन्होंने कहा, कांग्रेस के नेता कहते हैं कि लोगों के साथ गुंडागर्दी और भाषा के आधार पर मारपीट के वह खिलाफ हैं। लेकिन राज ठाकरे का उद्धव ठाकरे के साथ गठबंधन होने पर भी इस पार्टी को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के बयान का समर्थन करते हुए भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मजहबी आधार पर देश के बंटवारे को कांग्रेस ने स्वीकार किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस के कार्यकाल में देश में सबसे ज्यादा हिंदू-मुस्लिम दंगे हुए। आज भी मुस्लिम आरक्षण की बात कांग्रेस पार्टी करती है। कांग्रेस के नेता कहते हैं कि शरिया संविधान से ऊपर होना चाहिए। कांग्रेस ने ही वक्फ और सीएए जैसे कानूनों का विरोध किया।

## दूसरे दिन भी किसानों का धरना रहा जारी, तहसीलदार ने की किसानों से वार्ता

» मोदीनगर, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।

भोजपुर के गांव तलहैटा में आंदोलनकारी किसानों का धरना मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। सर्विस रोड पर अवैध मिट्टी खनन और कई मांगों को लेकर किसान दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के पांचवें चरण के विस्तारीकरण का निर्माण कार्य सोमवार को बंद करा अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। मंगलवार को तहसीलदार ने आंदोलनकारी किसानों से वार्ताकर उनका पक्ष जाना। भोजपुर के गांव चुड़ियाला, तलहैटा, मुरादाबाद, भटजन और पलौता आदि समेत कई गांवों के किसान दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के पांचवें चरण के निर्माण बंद करा सोमवार से अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं।

## कोहरे में बाइकों में आमने-सामने की भिड़ंत, एक की मौत

मोदीनगर, यूटर्न/ 24 दिसम्बर। सोमवार रात घने कोहरे के कारण मोदीनगर-हापुड़ मार्ग पर गांव खंजरपुर गेट के समीप दो बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर घायल है। हादसे के बाद मार्ग पर यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइकों को सड़क से हटवाकर यातायात सामान्य कराया। नगर की श्याम सिंह विहार कालोनी के रहने वाले 37 वर्षीय विक्रांत कुमार बाइक से हापुड़ गए थे। विक्रांत कुमार सोमवार रात करीब 11 बजे मोदीनगर लौट रहे थे। जैसे ही विक्रांत कुमार खंजरपुर गेट के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रही बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में विक्रांत कुमार और दूसरी बाइक सवार भोजपुर के गांव ईसापुर निवासी तरुण कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया। वहां चिकित्सकों ने विक्रांत कुमार को मृत घोषित कर दिया। तरुण कुमार की हालत भी नाजुक बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार विक्रांत कुमार ने हेलमेट नहीं पहना हुआ था। हादसे में दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए।

# दिल्ली में बड़े पैमाने पर ड्रग्स जब्त, 1.50 करोड़ रुपए की हेरोइन के साथ दो गिरफ्तार

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।



दिल्ली पुलिस के आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट की एंटी-नारकोटिक्स सेल ने बुधवार को ड्रग्स तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 304 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है, जिसकी कीमत लगभग 1.50 करोड़ रुपए आंकी गई है।

पुलिस के अनुसार, नरेला क्षेत्र में ड्रग तस्करों की गतिविधियों के बारे में मिली सूचना के बाद 21 दिसंबर को गिरफ्तारियां की गईं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एंटी-नारकोटिक्स सेल के प्रभारी इंस्पेक्टर गौरव चौधरी के नेतृत्व में और एसीपी दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। यह अभियान उत्तर उत्तरी जिले के डीसीपी हरेश्वर स्वामी की देखरेख में और उत्तरी रेंज के संयुक्त पुलिस आयुक्त विजय सिंह के समग्र नेतृत्व में चलाया गया। पुलिस ने अपने प्रेस नोट में बताया कि उनके वाहन की तलाशी लेने पर 304 ग्राम उत्तम गुणवत्ता वाली हेरोइन बरामद की गई। दोनों आरोपियों की पहचान न्यू सीमापुरी निवासी तस्लीम और सलमान अंसारी के रूप में हुई है। तस्लीम पेशे से ड्राइवर है और कथित तौर पर नशे का आदी है। वह काफी समय से नशीले पदार्थों की आपूर्ति में शामिल रहा है। पुलिस ने बताया कि सलमान अंसारी पेशे से दर्जी है। उस पर एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा चुका है। इस संबंध में नरेला पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया। दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। इसके साथ ही घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। डीसीपी हरेश्वर स्वामी ने बताया कि दोनों आरोपी फिलहाल हिरासत में हैं। इस गिरोह के सरगनाओं और वितरकों की पहचान करने के लिए इस आपूर्ति श्रृंखला की जानकारियां जुटाई जा रही हैं।

# मिस्ट हॉस्पिटल द्वारा रक्तदान शिविर का सफल आयोजन, 32 यूनिट रक्त एकत्रित

» **हरियाणा, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।**

मिस्ट हॉस्पिटल, बालटाना द्वारा आज एक विशाल रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर विश्वास फाउंडेशन के सहयोग से मिस्ट हॉस्पिटल परिसर, फर्नीचर मार्केट, शिव मंदिर के पास, बालटाना (पंजाब) में आयोजित हुआ। शिविर का समय प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक रहा। इस रक्तदान शिविर में समाज के विभिन्न वर्गों से लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 32 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवन रक्षक सिद्ध होगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं आपात स्थितियों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना रहा। मिस्ट हॉस्पिटल






के संचालक श्री सतनाम सिंह एवं श्री सुखदेव सिंह ने सभी रक्तदाताओं, आयोजकों एवं सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मिस्ट हॉस्पिटल भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं जनहितकारी स्वास्थ्य कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। इस सफल आयोजन के लिए विश्वास फाउंडेशन तथा प्रेस क्लब जीरकपुर का विशेष धन्यवाद व्यक्त किया गया..

# कोशिश से कामयाबी तक पहुंचने वाली नारी शक्ति को मिला सम्मान





» **राजेश सलूजा**

हरियाणा, यूटर्न/ 24 दिसम्बर। ज़िला प्रेस क्लब सोनीपत का वार्षिक समारोह एटलस रोड स्थित एक निजी रेस्तरां में गरिमामय माहौल में आयोजित किया गया। समारोह में विशेष रूप से कोशिश से कामयाबी तक पहुंचने वाली नारी शक्ति को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्लब पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए संगठन की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। ज़िला प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेश कुमार खत्री के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में क्लब के महासचिव सुखबीर सैनी ने जानकारी दी कि पत्रकारों के इस संगठन की स्थापना वर्ष 2002 में हुई थी।

यह क्लब सोनीपत जिले का सबसे पुराना पत्रकार संगठन है। उन्होंने बताया कि ज़िला प्रेस क्लब प्रतिवर्ष 30 मई को हिन्दी पत्रकारिता दिवस समारोह आयोजित करता है। इसके अलावा वर्ष में एक बार अंतरराज्यीय बौद्धिक पत्रकारिता कार्यशाला का आयोजन भी किया जाता है। अब तक दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, पोर्ट ब्लेयर, जम्मू, कश्मीर, कन्याकुमारी (तमिलनाडु) और त्रिवेंद्रम (केरल) सहित विभिन्न राज्यों में सफल आयोजन किए जा चुके हैं।

वार्षिक समारोह के दौरान समाज सेवा से जुड़े हुए विशिष्ट व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से उन महिला शक्तियों को सम्मान दिया गया जो समाज के उत्थान के लिए विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर कार्य कर रही हैं। साथ ही समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वाले व्यक्तित्वों को भी सम्मानित कर उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सम्मानित होने वालों में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व ज़िला अध्यक्ष जयबीर दोदवा, बिजेंद्र मलिक, नगर निगम पार्षद पुनीत त्यागी (राई), नगर निगम पार्षद नीतू दहिया, मोहन लाल बडौली के पुत्र संदीप, विधायक खरखौदा के पिता आजाद सिंह, बलराम दहिया, सुरेंद्र खत्री, डॉ. रमेश बत्रा, शक्ति ठेकेदार, विनोद दहिया, कुणाल गहलावत, शशि भारती मेहता, राजीव जानवर, सुरेंद्र श्योराण, ममता सरोहा, चरण सिंह कौशिक, ज्योति वर्मा, सुनील कौशल, नवीन, ऊषा भंडारी, कमल दीवान, राजेश कुमार आर्य, निर्मला देवी, संतोष देवी, सतवंती, मीना, प्रवीन मेहता, योगेश कुमार, संजय, ब्रह्मानंद सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी अनेक विभूतियां सम्मानित हुईं.

# सुप्रीम कोर्ट ने यौन पीड़िता की गवाही में मामूली विरोधाभासों से जुड़े तर्कों को किया खारिज

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।**



सुप्रीम कोर्ट ने बाल तस्करी पर गहरी चिंता जताई है। कोर्ट ने एक फैसले में बाल तस्करी को लेकर कहा कि यह देश में बहुत चिंताजनक हकीकत है। आधुनिक गुलामी के सबसे भयावह रूपों में से एक है बाल तस्करी। अफसोस कि सुरक्षा कानूनों के बावजूद संगठित गिरोहों द्वारा बच्चों का यौन शोषण हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट बेंगलुरु में तस्करों के एक गिरोह द्वारा जबरन यौन शोषण की शिकार एक नाबालिग लड़की के मामले की सुनवाई कर रहा था। कोर्ट ने अनैतिक व्यापार अधिनियम के तहत गिरोह के सदस्यों की सजा को बरकरार रखा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ ने संगठित अपराध नेटवर्क की जटिल और बहुस्तरीय संरचना की ओर ध्यान दिलाया, जो नाबालिग पीड़ितों की भर्ती, परिवहन, आश्रय और शोषण के कई स्तरों पर काम करते हैं। कोर्ट ने कहा कि यह अपराध गरिमा, शारीरिक अखंडता और प्रत्येक बच्चे को शोषण से बचाने के राज्य के संवैधानिक वादे की बुनियाद पर चोट करता है। पीठ ने बाल तस्करी के मामलों में पालन किए जाने वाले दिशा-निर्देश तय किए। एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि अपीलकर्ता के वकील ने पीड़िता के बयानों और अभियोजन के मामले को कई आधारों पर चुनौती दी थी। बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि पीड़िता ने कोर्ट में दावा किया कि जबरन यौन संबंध बनाने से उसे चोटें आईं और खून बहने लगा.

# द्वारका में पुलिस ने 270 से अधिक चोरी हुए मोबाइल फोन मालिकों को लौटाए

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।**

दिल्ली की द्वारका जिला पुलिस ने 270 से अधिक खोए और चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को लौटाने का काम किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि इससे कानून प्रवर्तन एजेंसियों पर जनता का भरोसा और सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता मजबूत हुई है।

मोबाइल वापसी कार्यक्रम का आयोजन 23 दिसंबर को पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित सिंह की अध्यक्षता में द्वारका जिला पुलिस कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान, सैकड़ों लोगों को फोन वापस मिल गए, जिससे उनके चेहरे पर राहत और मुस्कान साफ दिखाई दी।

पुलिस के अनुसार, ये बरामदगी जिले की समर्पित निगरानी प्रकोष्ठ द्वारा की गई, जिसने तकनीकी निगरानी और सेवा प्रदाताओं के समन्वय का उपयोग करते हुए व्यवस्थित रूप से गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन का पता लगाया। सत्यापन के बाद, असली मालिकों से संपर्क किया गया और उन्हें अपने मोबाइल लेने के लिए बुलाया गया।

निगरानी प्रकोष्ठ की टीम ने एएसआई जय भगवान के मार्गदर्शन में, हेड कांस्टेबल ओंबीर, राजेश, राजबीर और भजन पाल तथा कांस्टेबल अनिल कुमार और नरसिंह देव के साथ मिलकर काम किया।

इस कार्यक्रम में डीसीपी अंकित सिंह (आईपीएस) और अतिरिक्त डीसीपी सौरभ चंद्र के साथ-साथ निगरानी प्रकोष्ठ के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए डीसीपी ने इसमें शामिल कर्मियों के समर्पण और कार्यकुशलता की सराहना की और उन्हें




नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

यह घटना शाहदरा जिला पुलिस द्वारा ऑपरेशन विश्वास-2025ह्व के तहत लगभग 1 करोड़ रुपए मूल्य के 625 चोरी और गुम हुए मोबाइल फोन बरामद करने के दो दिन बाद हुई है। 1 मई, 2025 को शुरू की गई इस जिलाव्यापी पहल का उद्देश्य समन्वित निगरानी, डेटा विश्लेषण और लक्षित अभियानों के माध्यम से चोरी हुए उपकरणों का पता लगाना और उन्हें उनके असली मालिकों को लौटाना है। पुलिस के अनुसार, तकनीकी निगरानी, आईएमईआई ट्रैकिंग, कॉल डिटेल रिकॉर्ड एनालिसिस और रियल टाइम डेटा मॉनिटरिंग के संयोजन से बरामदगी की गई।

# चार लेबर कोड को मजदूरों के हित में बता केंद्रीय मंत्री ने किया श्रमिक नेता राकेश मणि को सम्मानित



» **सुनील बाजपेई**

कानपुर, यूटर्न/ 24 दिसम्बर। मोदी सरकार द्वारा लागू किए गए चार लेबर कोड को मजदूरों के हित में बताते हुए 16 केन्द्रीय श्रमिक संगठनों के महासंघ कंसेंट की विशेष राष्ट्रीय बैठक में केन्द्रीय श्रम मंत्री डा. मनसुख मांडविया व राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सदस्य प्रियांक कानूनगो द्वारा हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव राकेशमणि पाण्डेय को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्हें कन्सेन्ट की 16 केन्द्रीय श्रमिक संगठनों के विशेष सम्मेलन कास्टीयूशन क्लब नई दिल्ली में उनके श्रमिक हितों में किये गये तमाम प्रयासों और संघर्षों के आधार पर केन्द्रीय श्रम मंत्री द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इसी तरह से दूसरे सत्र में भी प्रियांक कानूनगो द्वारा चर्चित वरिष्ठ श्रमिक नेता राकेश मणि पांडे को सॉल व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य है कि केन्द्रीय श्रमिक संगठनो जो एनएफ आईटीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक जायसवाल द्वारा लेबर व इम्प्लाईमेण्ट समिट 2025 का आयोजन कस्ट्रटीयूशन क्लब नई दिल्ली में 16 दिसम्बर 2025 को किया गया था जिसमें देशभर के 16 श्रमिक संगठनों के अध्यक्ष, मंत्री और पदाधिकारी के साथ-साथ स्वतंत्र संगठनों के भी तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे थे।

इस सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए श्रम मंत्री ने कहा कि 4 लेबर कोड मजदूरों के हित में है। जिसे 16 केन्द्रीय श्रमिक संगठनों द्वारा आत्मसात करना खुशी की बात है। श्रम मंत्री ने कहा कि तमाम विशेषताओं के साथ श्रमिक हितों में इसे मोदी सरकार ने लागू किया है। श्रम मंत्री ने यह भी भरोसा दिया कि केन्द्रीय श्रमिक संगठन अगर अन्य के संदर्भ में भी अपनी आपत्तियां व सुझाव देते हैं तो उस पर न केवल विचार किया जाएगा बल्कि उसे लागू भी किया जाएगा।

# हिसार में आंगनबाड़ी कार्यकताओं के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

» **हरियाणा, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।**

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अग्रोहा ब्लॉक की 100 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकताओं को गुणवत्तापूर्ण, आनंददायक एवं गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराना है, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके। प्रशिक्षण में रॉकेट लर्निंग से जिला समन्वयक महिमा शर्मा विशेष



रूप से मौजूद रही।

इस अवसर पर पोषण समन्वयक सुनीता सहित अग्रोहा से पर्यवेक्षक भावना मलिक और आदमपुर से किरण चौहान भी उपस्थित रहीं और उन्होंने प्रशिक्षण को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता निभाई।

कार्यशाला के दौरान बताया जिला समन्वयक महिमा शर्मा ने बताया कि पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के पोषण के साथ-साथ उनकी सीखने की क्षमता, भाषा विकास एवं सामाजिक व्यवहार पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### कार पार्किंग को लेकर दो अलग-अलग विवाद में दो लोग घायल

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।** थानाक्षेत्र में कार पार्किंग को लेकर दो अलग-अलग स्थानों पर झगड़ा व मारपीट के मामले सामने आए हैं। पहला मामला थाने से कुछ ही दूरी पर स्थित बुद्ध चौक के पास हुआ। यहां एक स्कूटी सवार ने कार सवार साहिबाबाद के सरस्वती कॉलोनी निवासी अनिल के सिर में ईंट मारकर घायल कर दिया। वहीं, दूसरा झगड़ा कनावनी में हुआ। यहां गली नंबर तीन निवासी फूल मिश्रा से गली के ही रहने वाले तीन लोगों ने मारपीट कर चोटिल कर दिया। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में साहिबाबाद निवासी अनमोल ने बताया कि 19 दिसंबर की रात करीब आठ बजे वह कार से पिता के साथ वसुंधरा जा रहे थे। बुद्ध चौक पर एक स्कूटी सवार उनकी गाड़ी के पास पहुंचा और कार किनारे करने को कहते हुए गाली देने लगा। बताया कि उन्होंने कार को किनारे कर दिया। इसके बाद भी आरोपी गाली गलौज करता रहा। विरोध करने पर चौक से ईंट उठाकर पिता के सिर में मार दी और भाग गया।

### कोहरे के चलते देरी से उड़ी पांच फ्लाइट

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।** ठंड व कोहरे की वजह से हिंडन हवाई अड्डे से उड़ान भरने वाली पांच फ्लाइट मंगलवार को देरी से उड़ीं। इसकी वजह से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मंगलवार को कोलकाता आने-जाने वाली इंडिगो की दो फ्लाइट 2:15 घंटे की देरी से उड़ीं। वहीं स्टार एयर की किशनगढ़ से आने वाली और जाने वाली फ्लाइट की 50 मिनट की देरी से उड़ान भर सकी। इसी तरह से पटना, मुंबई और चेन्नई की फ्लाइट भी देरी से उड़ीं।

### पति व जेठ पर चाकू से हमले का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**खोड़ा, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।** थानाक्षेत्र स्थित भारत नगर निवासी शहजादी ने अपने पति जहीर और जेठ सलीम और भतीजे शाहजेब पर मारपीट करने और चाकू से हमला करने का आरोप लगाया है। विवाद 21 दिसंबर की रात का है और 22 दिसंबर की रात पुलिस ने प्राथमिकी दर्जकर जांच शुरू की है। दर्ज मामले में पीड़िता ने बताया कि 21 दिसंबर की सुबह उनके पति जहीर, जेठ और उसके बेटे ने उनसे गाली गलौज की। जब उन्होंने इसका विरोध किया तब आरोपियों ने उन्हें पीटना शुरू कर दिया।

# रील्स बनाने के लिए की शादी, फॉलोअर बढ़ते ही पहचानने से इन्कार करने का आरोप

**» गाजियाबाद, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।**

विजयनगर थाना क्षेत्र की एक युवती ने आरोप लगाए हैं कि एक गैर संप्रदाय के युवक ने फॉलोवर बढ़ाने के लिए उससे धार्मिक स्थल में शादी कर ली और बिहार ले गया। वहां से पर्यटक स्थलों पर ले गया और रील्स बनाकर अपने इंस्टाग्राम एकाउंट्स पर अपलोड की। फॉलोवर बढ़ने के बाद छोड़ दिया और अब पहचाने से भी इन्कार कर रहा है। पीड़िता ने पुलिस अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

विजयनगर क्षेत्र में रहने वाली एक युवती मंगलवार को पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड़ के कार्यालय पहुंची। युवती ने बताया कि उनके पिता की कई वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। मेहनत मजदूरी करके उनकी मां ने उनकी परवरिश की है। मूल रूप से वह बिहार के रहने वाले हैं और कई वर्षों से वह विजयनगर क्षेत्र स्थित एक कालोनी में परिवार के साथ रहती हैं। इंस्टाग्राम पर युवती की मुलाकात बिहार के युवक से हुई। आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा दिया और बिहार से विजयनगर



आ धमका। यहां उसने युवती से एक धार्मिक स्थल में चोरी-छिपे शादी की। शादी की तस्वीर भी युवती के पास हैं। आरोपी युवती को बिहार अपने घर ले गया, इसके बाद वह पर्यटक स्थलों पर घुमाने के बहाने ले गया और रील्स बनाई। इंस्टाग्राम एकाउंट और सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफार्म पर रील्स अपलोड कर आईडी के फॉलोवर बढ़ा लिए। इससे आरोपी को आय भी होने लगी। इसके बाद जब रील्स के फॉलोवर घटने लगे तो आरोपी पीड़िता को गाजियाबाद छोड़कर जल्द वापस आने की बात कहकर चला गया। पीड़िता का आरोप है कि अब आरोपी युवक को वह कॉल करती है तो वह पहचानने से इन्कार कर रहा है। पीड़िता ने आरोपी पर धर्मांतरण और दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है।

### एक से बढ़कर 10 लाख हुए फॉलोवर

युवती का आरोप है कि युवक बिहार में ही मिष्ठान, चाय और अन्य प्रतिष्ठानों पर दूध की आपूर्ति का काम करता है। शादी से पूर्व उसके फॉलोवरों की संख्या मात्र 50 हजार से एक लाख तक थी। शादी के बाद आरोपी ने युवती के साथ रील्स बनाकर अपलोड की तो काफी लोगों ने उसे सराहा और फॉलोवर की संख्या आठ से 10 लाख होने का दावा किया। साथ ही पीड़िता ने पुलिस को कई रील दिखाकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि युवती ने आरोपी युवक पर शादी करने, रील्स बनाने, धर्म परिवर्तन आदि गंभीर आरोप लगाए हैं। विजयनगर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच पूर्ण होने पर आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार किया जाएगा।

### दुकानों को बंद कराने के विरोध में निगम में किया प्रदर्शन

**» गाजियाबाद, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।**

घंटाघर स्थित गंदे नाले पर लगने वाले पैठ बाजार के विरोध में व्यापारी लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। रविवार को व्यापारियों के प्रदर्शन के दौरान पुलिस और नगर निगम की टीम ने पैठ बाजार को नहीं लगने दिया, लेकिन इससे कई व्यापारी भी अपनी दुकानों को नहीं खोल सके। इसके विरोध में व्यापारियों ने मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन करने वालों में सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि पिछले कई वर्षों से नई बस्ती स्थित गंदे नाले पर दुकान और गोदाम लेकर हम कपड़े का व्यापार कर रहे हैं। यहां हम बाहर से कपड़े लाकर सस्ते दामों पर ग्राहकों को उपलब्ध कराते हैं। कई व्यापारी नेताओं के प्रदर्शन के बाद रविवार को पहुंची पुलिस की टीम ने हमारी दुकानों को भी खोलने से रोक दिया।

## विवाद के चलते परिवार को पीटा, पिता-पुत्र समेत पांच घायल



**कौशांबी, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।** वैशाली सेक्टर तीन के प्लॉट नंबर 620 निवासी महेश कुमार वर्मा के घर में घुसकर करीब 20-25 लोगों ने परिवार से मारपीट की। पिटाई करने वाले पक्ष के जगनारायण और उनके बेटे अंकित यादव व दिनेश के खिलाफ पुलिस ने नामजद प्राथमिकी 23 दिसंबर को दर्ज की। हमले में पिता-पुत्र समेत पांच लोग घायल हो गए।

आरोप है कि वर्ष 2024 में आरोपी पक्ष ने पीड़ित के मकान की अवैध रजिस्ट्री की थी। इसका मामला कोर्ट में विचाराधीन है। तभी से रंजिश के चलते 21 दिसंबर को आरोपियों ने मारपीट की। पुलिस पर भी पीड़ित पक्ष ने घर से निकालने व सुनवाई न करने का आरोप लगाया गया है।

दर्ज मामले में महेश कुमार वर्मा ने बताया कि बिल्डर जगनारायण यादव ने 13 नवंबर 2024 को उनके मकान की रजिस्ट्री धोखाधड़ी कर अपने बेटे अंकित यादव के नाम कर दी। इसके एवज में उन्हें कोई रकम भी नहीं दी गई। फरवरी 2025 में उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कौशांबी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके अलावा कोर्ट में भी वाद दायर किया। इस वजह से आरोपी उन्हें जबरन घर से निकालना चाहते हैं। बताया कि 21 नवंबर की शाम करीब पांच बजे जगनारायण यादव, अंकित यादव, अजीत यादव अपने 10-15 लोगों के साथ उनके घर पहुंचे। आरोपी लाठी डंडे, तमंचे, लोहे की रोड व गेट काटने का ग्रेन्डर लेकर घर में दाखिल हुए। आरोपियों ने मारपीट की। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच मकान का विवाद है। शिकायत मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर ली गई थी। थाना पुलिस लगाए गए आरोपों की जांच कर रही है। नामजद आरोपियों की तलाश की जा रही है, जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

# छात्रों ने की परीक्षा फॉर्म भरने की मियाद बढ़ाने की मांग

**» गाजियाबाद, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।**

समर्थ पोर्टल की तमाम खामियों की वजह से बड़ी संख्या में छात्र परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित रह गए। इसलिए छात्रों ने इसकी मियाद बढ़ाने की मांग की है। छात्र नेताओं ने इसको लेकर यूनिवर्सिटी को पत्र लिखा है।

17 दिसंबर से यूनिवर्सिटी ने पहले सेमेस्टर के छात्रों के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू कराई थी। इसकी अंतिम तारीख 23 दिसंबर निश्चित की गई। इन छात्रों के परीक्षा फॉर्म समर्थ पोर्टल के जरिये भरे गए लेकिन तकनीकी खामी की वजह से छात्रों को परीक्षा फॉर्म भरने में दिक्कत का सामना करना पड़ा।

छात्र नेता दिवाकर वशिष्ठ ने बताया कि कई छात्रों के परीक्षा फॉर्म भरने में फीस जमा करने का विकल्प नहीं आ रहा था तो तमाम छात्र ऐसे हैं जिनके परीक्षा फॉर्म बिना फीस जमा किए ही सबमिट हो गए। कुछ छात्रों के डैशबोर्ड पर परीक्षा फॉर्म नो लाइव दिख रहा है। इससे छात्र परीक्षा फॉर्म नहीं भर सके। अब इसकी मियाद बढ़ाने को लेकर न तो यूनिवर्सिटी से कोई नया आदेश आया और न ही कॉलेजों से कोई दिशा-निर्देश मिला। इस बारे में एमएमएच कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय सिंह ने बताया कि अब परीक्षा फॉर्म को सत्यापित करने का काम चलेगा। यदि किसी स्तर पर कोई समस्या आती है तो इसकी रिपोर्ट यूनिवर्सिटी को भेजी जाएगी। पूरा प्रयास है कि परीक्षा फॉर्म सभी छात्रों के भरवाए जाएं।

### कॉलेजों में रोड सेफ्टी क्लब का होगा गठन

कॉलेजों में रोड सेफ्टी का गठन कराने के लिए यूनिवर्सिटी ने कॉलेज के प्राचार्यों को पत्र लिखा है। सहायक कुलसचिव ने बताया कि छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी देने समेत व्यापक बदलाव के उद्देश्य से रोड सेफ्टी क्लब का गठन होना है। कॉलेजों को इसको लेकर पूर्व में भी सूचित किया गया था।

## टीएचए में बिजली कटौती ने बढ़ाई लोगों की दिक्कतें

**» साहिबाबाद, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।**

टीएचए में घोषित और अघोषित बिजली कटौती ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मंगलवार को साहिबाबाद, वैशाली, इंदिरापुरम के अहिंसा खंड और कनावनी में दो से पांच घंटे तक घोषित बिजली कटौती हुई। वहीं कौशांबी, भोपुरा और इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में अघोषित बिजली कटौती और ट्रिपिंग की समस्या बनी रही।

स्थानीय लोगों का आरोप है आए दिन इलाकों में बिजली कटौती होती रहती है। 1912 टॉल फ्री नंबर पर शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं मिल रहा है। साहिबाबाद एलटी नेटवर्क 11 केवी और 33 केवी उपकेंद्र वैशाली में 11 केवी लाइनों को बदलने और मरम्मत कार्य करने के लिए सुबह 11 बजे से दोपहर चार बजे तक फीडर



नौ बंद रहा। इसके तहत आने वाले सभी क्षेत्रों में पांच घंटे तक आपूर्ति बंद रही। उपभोक्ताओं का कहना है कि पांच घंटे बिजली काटने के चक्कर में लोगों की समस्या बढ़ा देते हैं। लोगों का आए दिन बिजली के लिए भटकना पड़ता है। वहीं इंदिरापुरम के अहिंसा खंड दो के सब स्टेशन पर मरम्मत कार्य के चलते सुबह 11 से 12:30 बजे तक आपूर्ति बाधित रही। इसकी वजह से कनावनी और अहिंसा खंड के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं कौशांबी, भोपुरा और इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में अघोषित बिजली कटौती और ट्रिपिंग की समस्या बनी रही। इंद्रप्रस्थ कॉलोनी निवासी जगदीश ने बताया कि कॉलोनी में रोजाना बिजली कटौती की मार उपभोक्ताओं को झेलनी पड़ती है। सोमवार दिन में पहले उपभोक्ताओं की मीटर में बिजली आनी बंद हो गई। इसके बाद एसडीओ और 1912 पर शिकायत करने पर शाम को मीटरों में बिजली आई। रात में फिर से वही दोबारा मीटर की बिजली चली गई। इसके बाद बिजली ट्रिपिंग ने लोगों को परेशान कर दिया।

अधिशासी अभियंता अजय कुमार ने बताया कि मरम्मत कार्य के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित हुई थी। मरम्मत कार्य करने की सूचना को पहले ही उपभोक्ताओं को मैसेज से दे दी गई थी।

# सर्दी में बढ़ रही मन की बेचैनी, अवसाद के पुराने मरीजों की बढ़ी परेशानी

**» गाजियाबाद, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।**

सर्दी का मौसम जहां एक ओर ठिठुरन और शारीरिक सुस्ती लेकर आता है, वहीं दूसरी ओर यह मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा असर डाल रहा है। खासकर अवसाद से जूझ चुके मरीजों के लिए यह मौसम परेशानी बढ़ाने वाला साबित हो रहा है। एमएमजी अस्पताल में बीते कुछ समय में अवसाद के पुराने मरीजों की संख्या में करीब 20 फीसदी तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मरीज उदासी, बेचैनी, चिड़चिड़ापन, थकान और मन न लगने जैसी समस्याओं के साथ अस्पताल पहुंच रहे हैं।

एमएमजी अस्पताल के मनोचिकित्सक डॉ. साकेतनाथ तिवारी बताते हैं कि सर्दी के मौसम में शरीर में न्यूरोलॉजिकल बदलाव होते हैं। इस दौरान सेरोटोनिन हार्मोन का स्राव कम हो जाता है, जो मूड को संतुलित रखने में अहम भूमिका निभाता है। इसके साथ ही कार्टिसोल हार्मोन का संतुलन भी बिगड़ने लगता है। इन बदलावों का सीधा असर मानसिक स्थिति पर पड़ता है और मरीजों में अवसाद के लक्षण दोबारा उभरने लगते हैं।

कई मरीज घर से बाहर निकलना



कम कर देते हैं, इससे सामाजिक संपर्क घटता है और दवाइयों का असर भी अपेक्षाकृत कम महसूस होने लगता है।

एमएमजी अस्पताल के मनप्रकोष्ठ की क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. चंदा यादव का कहना है कि सर्दी में कई मरीज सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर (एसएडी) से प्रभावित हो जाते हैं। दिन छोटे होने, धूप कम मिलने और दिनचर्या बिगड़ने के कारण मरीज असहज महसूस करने लगते हैं। इसका असर नींद, भूख और सोचने समझने की क्षमता पर पड़ता है। यदि समय पर काउंसलिंग और इलाज न मिले तो समस्या गंभीर रूप ले सकती है। नियमित रूप से योगासन करें और धूप में बैठें। पानी पर्याप्त पीएं।

**सर्दी बढ़ने के साथ ही बढ़ी उदासी और बेचैनी :** राजनगर एक्सटेंशन के 38 वर्षीय इंजीनियर पिछले तीन साल से अवसाद का इलाज करा रहे हैं।

गर्मियों में उनकी स्थिति काफी हद तक सामान्य हो जाती है, लेकिन सर्दी शुरू होते ही उन्हें फिर से बेचैनी और उदासी घेर लेती है।

इंजीनियर ने डॉक्टर को बताया कि ठंड में उनका मन किसी काम में नहीं लगता, नींद भी ठीक से नहीं आती और वे लोगों से मिलना-जुलना कम कर देते हैं। हाल ही में हालत बिगड़ने पर वे दोबारा एमएमजी अस्पताल पहुंचे, जहां दवाइयों के साथ काउंसलिंग शुरू की गई। लोहिया नगर निवासी 45 वर्षीय महिला गृहिणी हैं।

## फटाफट खबरें

### पर्सनल और कंज्यूमर लोन में तेजी, क्रेडिट कार्ड पर सुस्ती जारी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।** जेएम फाइनेंशियल्स की रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल-सितंबर 2025 में क्रेडिट कार्ड को छोड़कर सभी कंज्यूमर लोन में सालाना 6 फीसदी से 23 फीसदी तक बढ़ोतरी हुई। यह पिछले वित्त वर्ष की तुलना में काफी बेहतर है, जब वृद्धि केवल -3 फीसदी से 11 फीसदी के बीच थी। नसिक्योर्ड लोन में पर्सनल लोन सबसे अधिक बढ़ा। पहली छमाही में पर्सनल लोन वितरण 23 फीसदी बढ़ा, जबकि जुलाई-सितंबर तिमाही में यह सालाना 35 फीसदी तक पहुंच गया। टीवी, फ्रिज, मोबाइल और अन्य कंज्यूमर गुड्स के लिए लोन वितरण बीते वित्त वर्ष के 3 फीसदी से बढ़कर 19 फीसदी हो गया। इस सेगमेंट में प्राइवेट बैंकों का मार्केट शेयर भी बढ़ा।

### 2024 के हीरो, 2025 में जीरोः दस बड़े शेयरों की गिरावट

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।** शेयर बाजार में 2024 में तेज रफ्तार से बढ़ने वाले कई बड़े शेयर 2025 में टूटते नजर आए हैं। आईसीआईसीआई सिक्युरिटीज की रिपोर्ट के अनुसार उच्च वैल्यूएशन, बाहरी निवेश और ग्रोथ संबंधी चिंताओं के कारण इन लार्जकैप कंपनियों का प्रदर्शन कमजोर रहा। टाटा की ट्रेंट शेयर 133 फीसदी बढ़त के बाद 43 फीसदी तक गिरा। रेलवे कंपनी आईआरएफसी 50 फीसदी रिटर्न के बाद 26 फीसदी नीचे आया। बजाज होल्डिंग का शेयर 55 फीसदी बढ़ा था, अब 8 फीसदी गिरा। रियल एस्टेट में लोधा डेवलपर्स और डीएलएफ क्रमशः 23 फीसदी और 18 फीसदी टूट गए।

### 2024 के हीरो, 2025 में जीरोः दस बड़े शेयरों की गिरावट

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।** शेयर बाजार में 2024 में तेज रफ्तार से बढ़ने वाले कई बड़े शेयर 2025 में टूटते नजर आए हैं। आईसीआईसीआई सिक्युरिटीज की रिपोर्ट के अनुसार उच्च वैल्यूएशन, बाहरी निवेश और ग्रोथ संबंधी चिंताओं के कारण इन लार्जकैप कंपनियों का प्रदर्शन कमजोर रहा। टाटा की ट्रेंट शेयर 133 फीसदी बढ़त के बाद 43 फीसदी तक गिरा।



## 2025 में भारत के वस्त्र क्षेत्र में मिली बड़ी सफलता, निवेश और निर्यात में हुई शानदार बढ़ोतरी : केंद्र

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।** भारत के वस्त्र क्षेत्र ने 2025 में निवेश और निर्यात में भारी वृद्धि दर्ज की है, जिसे सरकारी प्रोत्साहन योजनाओं और व्यापार में आसानी के लिए किए गए आर्थिक सुधारों से बल मिला।

सरकार ने विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस 7 पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल (पीएम मित्र) पार्कों के निर्माण को मंजूरी दी है, जिनमें प्लग एंड प्ले सुविधा भी शामिल है। इन पार्कों के लिए 4,445 करोड़ रुपए का बजट तय किया गया है। ये पार्क तमिलनाडु, तेलंगाना, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में बनेंगे। अब तक 27,434 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश समझौते किए जा चुके हैं और 100 प्रतिशत जमीन भी पार्कों के लिए खरीद ली गई है। सभी राज्य सरकारों ने पार्कों के लिए 2,590.99 करोड़ रुपए की लागत से इंफ्रास्ट्रक्चर कार्य शुरू कर दिया है। सरकार ने राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) की शुरूआत की है, जिसमें 1,480 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। इस मिशन का उद्देश्य तकनीकी वस्त्र के उपयोग को बढ़ाना और इसे रक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रमोट करना है। वित्त वर्ष 2024-25 में हस्तशिल्प सहित वस्त्र एवं परिधान निर्यात ने 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और यह 37.8 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इस निर्यात का सबसे बड़ा हिस्सा अमेरिका, यूरोपीय संघ और ब्रिटेन को गया, जबकि बांग्लादेश, यूएई, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे नए देशों ने भी निर्यात में 20 प्रतिशत योगदान किया। सरकार ने वस्त्र क्षेत्र में जीएसटी की दर को 5 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 12 प्रतिशत थी। यह कदम निर्यात को बढ़ावा देने और कला कारीगरों की मदद करने के लिए उठाया गया है।

## ईयू-भारत एफटीए से माल्टा की कंपनियों का निवेश करना होगा आसानः राजदूत रूबेन गौसी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।**



भारत और माल्टा अपने द्विपक्षीय संबंधों की 60वीं सालगिरह मना रहे हैं। इस मौके पर भारत में माल्टा के राजदूत रूबेन गौसी ने आईएएनएस से खास बातचीत की। भारत ने 1964 में माल्टा की स्वतंत्रता को मान्यता दी और दोनों देशों के बीच 10 मार्च 1965 को द्विपक्षीय संबंध स्थापित हुए थे। भारत ने 2017 में माल्टा में अपना उच्चायोग फिर से खोला। वहीं माल्टा ने 2007 में नई दिल्ली में अपना उच्चायोग स्थापित किया। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को लेकर भारत में माल्टा के राजदूत रूबेन गौसी ने कहा, ह्लमुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि इस साल, 2025, माल्टा-भारत द्विपक्षीय संबंधों की 60वीं सालगिरह है।

भारत के साथ हमारे द्विपक्षीय रिश्ते 10 मार्च 1965 को शुरू हुए थे, और हम इस बात के लिए शुक्रगुजार हैं कि भारत माल्टा को मान्यता देने वाले पहले देशों में से एक था। हमें 21 सितंबर 1964 को आजादी मिली और 60 साल से भी कम समय बाद, भारत ने माल्टा को मान्यता दी और हमारे द्विपक्षीय संबंध तुरंत शुरू हो गए। दोनों देशों के बीच व्यापार को लेकर उन्होंने कहा, आयात और निर्यात में थोड़ा असंतुलन है।

## चार नई एसयूवी पेश करने की योजना बना रही टाटा मोटर्स

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।**



हाल ही में टाटा मोटर्स कंपनी ने नई सिएरा को लॉन्च कर खूब सुर्खियां बटोरीं और अब कंपनी एक के बाद एक चार नई एसयूवी पेश करने की योजना बना रही है। नई एसयूवी में पेट्रोल इंजन से लैस मॉडल, फेसलिफ्ट वर्जन और एक दमदार इलेक्ट्रिक एसयूवी भी शामिल है। कंपनी की यह रणनीति सीधे तौर पर मिड और कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में प्रतिस्पर्धा को और तेज करेगी।

सबसे पहले बात टाटा हैरियर और सफारी पेट्रोल की करें तो दोनों फ्लैगशिप एसयूवी अब पेट्रोल इंजन के साथ आने को तैयार हैं। इनमें नया 1.5-लीटर हायपेरियन टी जीडीआई पेट्रोल इंजन मिलेगा, जो 158 बीएचपी की पावर और 255 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। यह वही इंजन है, जिसे हाल ही में सिएरा के साथ पेश किया गया था। पेट्रोल इंजन के अलावा डिजाइन और फीचर्स में बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं है।

इसके बाद टाटा पंच फेसलिफ्ट की बारी आती है। माइक्रो एसयूवी सेगमेंट में काफी पॉपुलर पंच को मिड-लाइफ अपडेट मिलने वाला है। नए मॉडल में एक्सटीरियर डिजाइन पंच ईवी से प्रेरित हो सकता है। केबिन में बड़ा 10.25-इंच टचस्क्रीन, फुल डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और नया स्टीयरिंग व्हील जैसे फीचर्स जोड़े जा सकते हैं, जबकि इंजन मौजूदा जैसा ही रहेगा। टाटा की सबसे खास पेशकश सिएरा ईवी होगी, जिसे 2026 की पहली तिमाही में लॉन्च किया जाएगा।

यह एसयूवी नए अर्गोस प्लेटफॉर्म पर आधारित होगी और इसमें आरडब्ल्यूडी के साथ एडब्ल्यूडी ऑप्शन भी मिल सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 55केडब्ल्यूएच और 65केडब्ल्यूएच बैटरी पैक के साथ यह इलेक्ट्रिक एसयूवी करीब 500 किलोमीटर तक की रेंज देने में सक्षम होगी।

## हैचबैक कारों की बिक्री में मारुति सुजुकी का दबदबा बरकरार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।** बीते नवंबर महीने में देश की टॉप-10 सबसे ज्यादा बिकने वाली हैचबैक कारों की बिक्री में मारुति सुजुकी का दबदबा फिर साफ नजर आया है। इस सेगमेंट में एक बार पुनः मारुति ने बाजी मारी, जहां टॉप-10 में उसके 5 मॉडल शामिल रहे। इसके अलावा टाटा और हुंडई के 2-2 मॉडल और टोयोटा का एक मॉडल इस सूची में जगह बना सका। सबसे बड़ा उलटफेर यह रहा कि लंबे समय से नंबर-1 पर काबिज वैगनआर को पछाड़ते हुए मारुति सुजुकी स्विफ्ट ने पहला स्थान हासिल कर लिया। सेल्स आंकड़ों पर नजर डालें तो नवंबर 2025 में मारुति सुजुकी स्विफ्ट की 19,733 यूनिट बिकीं, जबकि नवंबर 2024 में इसकी बिक्री 14,737 यूनिट रही थी। इस तरह स्विफ्ट ने सालाना आधार पर 34 फीसदी की मजबूत ग्रोथ दर्ज की और सीधे टॉप पर पहुंच गई। वहीं, वैगनआर नवंबर 2025 में 14,619 यूनिट की बिक्री के साथ दूसरे स्थान पर रही। पिछले साल इसी महीने इसके 13,982 यूनिट बिके थे, यानी इसे केवल 5 फीसदी की सीमित बढ़त मिल पाई।

## केटीएम की भारत में एक और नया धमाका करने की तैयारी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।**



भारत में केटीएम कंपनी एक और नया धमाका करने की तैयारी में है। केटीएम इंडिया जनवरी 2026 में बहुप्रतीक्षित 390 एडवेंचर आर लॉन्च करने जा रही है। इस बाइक की बुकिंग जल्द शुरू होगी और डिलीवरी भी जनवरी के शुरूआती दिनों में मिलने की उम्मीद है। केटीएम 390 एडवेंचर आर एक हार्डकोर ऑफ-रोड एडवेंचर बाइक होगी, जिसे खास तौर पर उन राइडर्स के लिए डिजाइन किया गया है जो खराब रास्तों और लंबी टूरिंग का मजा लेना चाहते हैं। इस आर वैरिएंट में दोनों तरफ 230एमएम का व्हील ट्रैवल दिया गया है, जो इसे स्टैंडर्ड 390 एडवेंचर से ज्यादा सक्षम बनाता है। तुलना करें तो 390 एडवेंचर र में फ्रंट में 200एमएम और रियर में 205एमएम व्हील ट्रैवल मिलता है। व्हील साइज भी दोनों के बीच बड़ा अंतर पैदा करता है। 390 एडवेंचर आर में 21-इंच फ्रंट और 18-इंच रियर स्पोक व्हील दिए गए हैं, जो ऑफ-रोड पर बेहतर ग्रिप और कंट्रोल देते हैं। इसके अलावा, इसका ग्राउंड क्लीयरेंस 272एमएम है, जो इसे कठिन रास्तों पर भी आसानी से चलने में मदद करता है।

इसकी कीमत को लेकर अभी आधिकारिक जानकारी नहीं है, लेकिन उम्मीद है कि 390 एडवेंचर आर की कीमत मौजूदा 3.95 लाख रुपये वाली 390 एडवेंचर से करीब 20,000 रुपये ज्यादा हो सकती है। लॉन्च के साथ ही यह बाइक एडवेंचर सेगमेंट में नई हलचल पैदा कर सकती है। वजन की बात करें तो यह एस वैरिएंट से करीब 6 किलो हल्की है और इसका कर्ब वेट 176केजी बताया जा रहा है। इंजन के मोर्चे पर दोनों बाइक्स लगभग समान हैं। इसमें 398.6सीसी का लिक्विड-कूल्ड, सिंगल-सिलेंडर इंजन मिलता है, जो 45.3बीएचपी की पावर और 39एनएम का टॉर्क जनरेट करता है।

## नए मोबाइल प्रोसेसर एक्सिनोस 2600 से पर्दा उठा सैमसंग ने

» **सियोल, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।**

सैमसंग कंपनी ने अपने नए मोबाइल प्रोसेसर एक्सिनोस 2600 से पर्दा उठा दिया है। इसे कंपनी की अब तक की सबसे एडवांस चिप माना जा रहा है। यही प्रोसेसर आने वाले फ्लैगशिप स्मार्टफोन गैलेक्सी र26 में इस्तेमाल किया जाएगा। कंपनी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी जानकारी में बताया कि एक्सिनोस 2600 दुनिया का पहला ऐसा प्रोसेसर है, जिसे 2-नैनोमीटर गेट-ऑल-अराउंड तकनीक से तैयार किया गया है। इस अत्याधुनिक तकनीक की वजह से चिप न केवल ज्यादा तेज और पावरफुल है, बल्कि ऊर्जा की खपत भी पहले के मुकाबले कम करती है।

कंपनी के अनुसार, एक्सिनोस 2600 का मास प्रोडक्शन शुरू हो चुका है। इस प्रोसेसर में



सीपीयू, जीपीयू और एनपीयू को एक ही छोटे चिप में समाहित किया गया है, जिससे स्मार्टफोन की स्पीड, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फीचर्स और गेमिंग परफॉर्मेंस में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा। सैमसंग का दावा है कि यह नया प्रोसेसर पुराने एक्सिनोस 2500 की तुलना में सीपीयू परफॉर्मेंस में करीब 39 प्रतिशत ज्यादा तेज है, जबकि एआई से जुड़े कार्यों में 113 प्रतिशत तक बेहतर प्रदर्शन करता है। इसका सीधा फायदा एआई फोटो एडिटिंग, स्मार्ट असिस्टेंट और अन्य इंटेलिजेंट फीचर्स की तेजी के रूप में मिलेगा। ग्राफिक्स के मामले में भी एक्सिनोस 2600 को बड़ी छलांग माना जा रहा है।

कंपनी का कहना है कि नए प्रोसेसर के साथ गेमिंग अनुभव पहले से कहीं ज्यादा स्मूद और रिच होगा। बेहतर ग्राफिक्स प्रोसेसिंग के चलते हाई-एंड गेम्स और विजुअल्स ज्यादा सहजता से चलेंगे। सैमसंग ने यह भी संकेत दिया है कि गैलेक्सी र26 स्मार्टफोन को फरवरी में अमेरिका में लॉन्च किया जाएगा। इससे पहले कंपनी ने द नेक्स्ट एक्सिनोस नाम से एक वीडियो जारी कर इस प्रोसेसर की झलक दिखाई थी।

## नए मोबाइल प्रोसेसर एक्सिनोस 2600 से पर्दा उठा सैमसंग ने

**सियोल, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।** सैमसंग कंपनी ने अपने नए मोबाइल प्रोसेसर एक्सिनोस 2600 से पर्दा उठा दिया है। इसे कंपनी की अब तक की सबसे एडवांस चिप माना जा रहा है। यही प्रोसेसर आने वाले फ्लैगशिप स्मार्टफोन गैलेक्सी र26 में इस्तेमाल किया जाएगा। कंपनी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी जानकारी में बताया कि एक्सिनोस 2600 दुनिया का पहला ऐसा प्रोसेसर है, जिसे 2-नैनोमीटर गेट-ऑल-अराउंड तकनीक से तैयार किया गया है। इस अत्याधुनिक तकनीक की वजह से चिप न केवल ज्यादा तेज और पावरफुल है, बल्कि ऊर्जा की खपत भी पहले के मुकाबले कम करती है।

कंपनी के अनुसार, एक्सिनोस 2600 का मास प्रोडक्शन शुरू हो चुका है। इस प्रोसेसर में सीपीयू, जीपीयू और एनपीयू को एक ही छोटे चिप में समाहित किया गया है, जिससे स्मार्टफोन की स्पीड, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फीचर्स और गेमिंग परफॉर्मेंस में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा। सैमसंग का दावा है कि यह नया प्रोसेसर पुराने एक्सिनोस 2500 की तुलना में सीपीयू परफॉर्मेंस में करीब 39 प्रतिशत ज्यादा तेज है, जबकि एआई से जुड़े कार्यों में 113 प्रतिशत तक बेहतर प्रदर्शन करता है। इसका सीधा फायदा एआई फोटो एडिटिंग, स्मार्ट असिस्टेंट और अन्य इंटेलिजेंट फीचर्स की तेजी के रूप में मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मृत सफाईकर्मियों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये का मुआवजा

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।** अक्तूबर 2022 में ओआरजी अस्पताल में सीवर सफाई कार्य के दौरान जान गंवाने वाले चार मैनुअल सीवर/सीवेज सफाईकर्मियों के परिजनों को प्रशासन की ओर से मुआवजा प्रदान किया गया है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उपमंडल आयुक्त से प्राप्त विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर प्रत्येक मृतक के परिवार को 25-25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है। प्रवक्ता के अनुसार, 5 अक्तूबर 2022 को सेक्टर-16 स्थित ओआरजी अस्पताल में सीवर की सफाई के दौरान विशाल, रवि गोलदार, रवि और रोहित की दुखद मृत्यु हो गई थी। इस संबंध में उसी दिन एफआईआर दर्ज की गई थी। प्रशासन की ओर से बताया गया कि सभी मृतक कर्मचारियों के परिजनों को नियमानुसार मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया गया है। इससे पीड़ित परिवारों को आर्थिक राहत मिली है।

### जालसाजों ने युवक के खाते से निकाले 1.77 लाख

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।** जालसाजों ने व्हाट्सएप पर लिंक भेजकर एक युवक के बैंक खाते से 1,77,900 रुपये निकाल लिए। लिंक पर क्लिक करते ही युवक का मोबाइल हैक हो गया। साइबर अपराध थाना मानेसर में मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। सिधरावली गांव निवासी संदीप ने शिकायत में बताया कि 17 दिसंबर को उसके मोबाइल पर अनजान नंबर से लिंक आया था। उसने गलती से लिंक पर क्लिक कर दिया। इसके बाद उसका मोबाइल हैक हो गया और किसी ने 4900 रुपये निकाले। वहीं, 21 दिसंबर को दो बार में एक लाख रुपये व 73 हजार रुपये निकाले। इसके बाद जालसाजों ने संदीप के व्हाट्सएप पर भेजे लिंक व मैसेज को डिलीट कर दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।** सोहना सिटी थाना क्षेत्र में चिल्ड पॉइंट के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक राहगीर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया है। मृत युवक की अभी पहचान नहीं हो सकी है। हेड कांस्टेबल मनबीर की शिकायत के आधार पर पुलिस ने सोहना सिटी थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

# 10 करोड़ की अवैध शराब की बरामदगी मामले में वाइन शॉप मालिक गिरफ्तार

**» गुरुग्राम, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।**

अपराध शाखा और सेक्टर-40 थाने की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने 10 करोड़ रुपये की अवैध शराब की बरामदगी के मामले में एक वाइन शॉप के मालिक (50 फीसदी हिस्सेदार) को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से सोमवार की रात को गिरफ्तार किया। अवैध रूप से एकत्रित की गई शराब का भंडाफोड़ होने के बाद पुलिस से बचने के लिए वह विदेश भाग गया था। 22 दिसंबर की रात को उसे बाली (इंडोनेशिया) से भारत डिपोर्ट कराया गया।

पुलिस ने इंटरपोल की मदद से लुक आउट सर्कुलर जारी करवाया था, जिसके बाद इंडोनेशिया से उसे डिपोर्ट किया। 22 दिसंबर की रात को दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार वाइन शॉप के मालिक की पहचान फतेहाबाद (हरियाणा) के नाढोडी गांव निवासी सुग्रीव कुमार बिश्नोई के रूप में हुई है। वाइन शॉप में एकत्रित की गई बिना होलोग्राम व ट्रैक ट्रेस स्ट्रिप्स वाली करोड़ों रुपये की कीमत की विदेशी शराब बरामद मामले में अब



तक पुलिस द्वारा पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

आरोपी सुग्रीव कुमार बिश्नोई से पूछताछ में पता चला कि जिस वाइन शॉप से करोड़ों रुपये कीमत की शराब बरामद हुई थी, उस शॉप में 50 फीसदी हिस्सेदारी है। वाइन शॉप में एकत्रित की गई शराब उसने व उसके अन्य साथियों ने अन्य लोगों के माध्यम से मंगाई थी। भारी मुनाफा कमाने के लिए उन्होंने बिना वैट या टैक्स भुगतान किए और बिना होलोग्राम व ट्रैक ट्रेस स्ट्रिप्स वाली शराब मंगाकर वाइन शॉप में रखी थी।

आरोपी सुग्रीव कुमार बिश्नोई ने पुलिस को बताया कि वाइन शॉप पर छापेमारी की सूचना मिलते ही वह गिरफ्तारी से बचने के लिए 11 दिसंबर को बाली (इंडोनेशिया) चला गया था। आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड खंगालने पर पता चला कि उसके खिलाफ गुरुग्राम के डीएलएफ फेज-2 थाने में एक्साइज एक्ट के तहत वर्ष 2011 में मामला दर्ज है।

बता दें कि पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने सिग्नेचर टावर के पास से द ठेका नाम की वाइन शॉप पर छापेमारी करते हुए करीब 10 करोड़ रुपये कीमत की विदेशी शराब की कुल 3,921 पेटियां व 176 बोतलें बरामद की थीं। ये बोतलें महंगी ब्रांडेड विदेशी शराब की थीं, जिनकी एक-एक बोतल की कीमत पांच हजार रुपये से लेकर 1.5 लाख रुपये तक थी। इन बोतलों पर हरियाणा सरकार का होलोग्राम नहीं लगा था। वहीं, कस्टम ड्यूटी तथा एक्साइज ड्यूटी का भुगतान नहीं किया गया था। ऐसे में प्रदेश सरकार को लाखों रुपये के राजस्व नुकसान हुआ।

## शराब के नशे में युवक हाईटेंशन टावर पर चढ़ा

**» गुरुग्राम, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।**

सेक्टर-5 थाना क्षेत्र में एक युवक शराब के नशे में हाईटेंशन टावर पर चढ़ गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस वहां पहुंची तो पता चला कि युवक की अपनी पत्नी से लड़ाई हो गई थी जिसके बाद पत्नी नाराज होकर घर छोड़ कर चली गई है। पुलिस ने बताया कि 45 साल का युवक उत्तर प्रदेश का रहने वाला है और फिलहाल शीतला कॉलोनी में किराये के कमरे में रह रहा है। पुलिस का कहना है कि युवक ने शराब पी रखी थी और उसकी अपनी पत्नी से लड़ाई हो गई थी जिसके बाद उसकी पत्नी गुस्से में घर छोड़ कर चली गई थी जिसके बाद युवक हाईटेंशन टावर पर चढ़ गया था। लोगों ने युवक को टावर पर चढ़ा देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर युवक को बहुत समझाया और युवक को सुरक्षित नीचे उतारा गया।

## कोडीनयुक्त सिरप तस्करी के आरोपी ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।** बीती तीन नवंबर को मेरठ रोड पर पकड़े गए 3.40 करोड़ रुपये के कोडीनयुक्त सिरप मामले में गिरफ्तारी पर रोक की याचिका हाईकोर्ट से खारिज होने के बाद आरोपी पप्पन यादव ने मंगलवार को एडीजे कोर्ट में सरेंडर कर दिया। उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। एडीसीपी पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि पप्पन दिल्ली के पटपड़गंज क्षेत्र स्थित राजेंद्र नगर में रहता है। तीन नवंबर 2025 को मछली गोदाम से पकड़े गए गौरव त्यागी ने पूछताछ में बताया था कि वर्ष 2022 में उसकी पहचान पप्पन से हुई थी। दिल्ली में पप्पन की मेडेरान हेल्थ नाम से फर्म थी। इसके माध्यम से वह कोडीनयुक्त कफ सिरप बेचता था। पप्पन वाराणसी के शुभम जायसवाल के कहने पर कोडीनयुक्त सिरप को बांग्लादेश भेजता था और हवाला के जरिये रुपये मंगाता था। आसिफ सिरप की तस्करी में साथ देता था। तीनों ने गत दिनों हाईकोर्ट में याचिका डालकर गिरफ्तारी पर रोक, एफआईआर रद करने व अग्रिम जमानत की गुहार लगाई थी। हाईकोर्ट ने राहत देने से इन्कार कर दिया था। ऐसे में एसआईटी पप्पन को तलाश रही थी।

## 2.97 लाख वाहनों का पंजीकरण रद, महज 19 हजार हुए स्क्रैप

**» गाजियाबाद, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।**

मियाद खत्म हुए वाहनों की संख्या जिले में वैसे तो चार लाख से अधिक हो चुकी है। इसमें करीब 2.97 लाख वाहनों का आरटीओ से पंजीकरण भी रद किया जा चुका है। इसके बावजूद अभी मात्र 19 हजार वाहनों का ही स्क्रैप कराया गया है। जबकि, जिले में तीन-तीन सरकारी स्क्रैप सेंटर खुले हुए हैं।



हालत यह है कि सड़कों पर लाखों वाहन खुलेआम घूम रहे हैं लेकिन किसी भी स्तर से इनपर लगाम नहीं लग पा रही है। यह वाहन न सिर्फ लोगों की जान के लिए खतरा हैं बल्कि प्रदूषण फैलाने में भी बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। कार्रवाई के नाम पर विभागीय अधिकारी इन वाहनों की सूची बनाने और वाहन स्वामियों को मैसेज भेजने तक सीमित रहते हैं। जिले के 10 साल पुराने 54147, पेट्रोल के 339802 वाहनों का पंजीकरण आरटीओ ने निरस्त कर दिया। इन वाहन स्वामियों को नोटिस भेजकर चेतावनी दी कि गई वह इन वाहनों का संचालन किसी भी स्थिति में सड़क पर न करें। ऐसा करते पाए जाने पर वाहन जब्त किया जाएगा और दुर्घटना की स्थिति में वाहन स्वामी पर मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा।

इन वाहनों को पंजीकृत सेंटरों पर स्क्रैप कराने के भी मैसेज विभाग की ओर से भेजे गए, लेकिन इसका कोई असर नहीं है। हालत यह है कि मोरटा स्थित सरल स्क्रैप सेंटर पर 10035, सेवन स्टार पर 8524 और एसएस इंटरप्राइजेज पर 337 लोगों ने अपने वाहनों को स्क्रैप कराया। स्क्रैप हुए करीब 19 हजार वाहनों में 90 फीसदी दोपहिया वाहन हैं।

## राजनगर एक्सटेंशन में बिल्डर के दफ्तर पर जीएसटी का छापा, 88 लाख जमा कराए

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।** राज्यकर विभाग की जोन प्रथम टीम ने राजनगर एक्सटेंशन स्थित केडब्ल्यू सृष्टि सोसायटी में बिल्डर के कार्यालय पर जांच के दौरान अतिरिक्त आईटीसी का लाभ लेने के मामले में कुल 88 लाख रुपये रिटर्न जमा कराया है। पोर्टल पर प्राप्त विसंगतियों के आधार पर टीम ने जांच की तो यह मामला सामने आया। संयुक्त आयुक्त सुजाता सिंह ने बताया कि फर्म केडब्ल्यू सिक्योरिटी एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, जो रखरखाव व एडवरटाइजिंग सर्विसेज का कार्य करती है। इसकी जांच रेंज ए की ओर से पोर्टल पर प्राप्त विसंगतियों के आधार पर की गई थी। फर्म की ओर से क्षमता से अधिक इनपुट टैक्स क्रेडिट का क्लेम किया जा रहा था। जबकि उक्त फर्मों के जीएसटीआर दो ए व बी शून्य थे। इसी प्रकार वर्ष 2024-25 में कर 39 फीसदी था, जबकि 2025-26 में मात्र चार फीसदी ही जमा किया गया था। कर्मियों के सामने ही यह जांच की गई।

## नौ साल से चोरी के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**» गुरुग्राम, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।**

अपराध शाखा सेक्टर-43 की पुलिस ने नौ साल पहले चोरी करने व चोरी का सामान खरीदने के मामले में वांछित आरोपी को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ गुरुग्राम, दिल्ली व उत्तर प्रदेश में 28 आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार किए गए वांछित आरोपी की पहचान धौलपुर (राजस्थान) के निमदाड़ा गांव निवासी शकील खान उर्फ सतीश के रूप में हुई है। चोरी के मामले में संलिप्त मामले में मानेसर थाने में 8 नवंबर 2016 को धारा 379/411 आईपीसी दर्ज किया गया था। इसमें आरोपी शकील खान उर्फ सतीश लगातार फरार चल रहा था। आरोपी शकील खान को अदालत ने



भगोड़ा/वांछित अपराधी घोषित किया हुआ है। आरोपी शकील खान के खिलाफ गुरुग्राम के विभिन्न थानों में 19 मामले, दिल्ली के थानों में छह मामले और उत्तर प्रदेश में तीन मामले दर्ज हैं। इनमें चोरी करने, आर्म्स एक्ट, पीओ अपराधी घोषित, चोरी की संपत्ति को छिपाने सहित अन्य धाराओं के तहत मामले शामिल हैं। गुरुग्राम के सेक्टर-56 थाना, सेक्टर-40 थाने, गुरुग्राम सदर थाने, शिवाजी नगर थाने, सुशांतलोक थाने, सिविल लाइंस थाने, मानेसर थाने, डीएलएफ फेज-2 थाने में मामला दर्ज है। दिल्ली के प्रहलादपुर थाना में पांच व दिल्ली के सरिता विहार थाने में एक मामला दर्ज है। वहीं, आगरा (उत्तर प्रदेश) के अछनेरा थाने में दो मामले व सदर थाने में एक मामला दर्ज है।

पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि शकील खान को चोरी करने मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भोंडसी जेल भेज दिया है। पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है।

# अरावली बचाने के लिए सड़क पर उतरी युवा कांग्रेस

**» गुरुग्राम, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।**

अरावली पर्वत श्रृंखला के संरक्षण की मांग को लेकर हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस की ओर से गुरुग्राम में अरावली सत्याग्रहसद्भावना संकल्प अनशन किया गया। गौशाला के सामने भगवान महावीर चौक पर बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए और शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए अरावली को बचाने का संकल्प लिया। इस आंदोलन का नेतृत्व हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत चौक पर विधिवत हवन-यज्ञ से की गई, जिसमें आहुति डालकर पर्यावरण संरक्षण और अरावली पर्वत श्रृंखला को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया गया। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर अरावली बचाने के नारे लगाए और आमजन से इस मुहिम में जुड़ने की अपील की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि अरावली केवल पहाड़ों की श्रृंखला नहीं, बल्कि दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत के लिए जीवनरेखा है।

प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया ने




कहा कि अरावली पर्वत श्रृंखला दिल्ली-एनसीआर की सांसें हैं। इसे नार्थ इंडिया के लंग्स कहा जाता है। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों से अरावली के पहाड़ रेगिस्तान को आगे बढ़ने से रोकते आए हैं। भूजल संरक्षण में अहम भूमिका निभाते हैं और वातावरण को स्वच्छ बनाए रखते हैं। यदि अरावली को नुकसान पहुंचा तो इसका सीधा असर पर्यावरण, जलस्तर और आमजन के स्वास्थ्य पर पड़ेगा।

\कटारिया ने आरोप लगाया कि अरावली एक्ट के नाम पर संरक्षण की परिभाषा को बदलने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर कानून में ये बदलाव किसके फायदे के लिए किए जा रहे हैं। कटारिया ने विशेष रूप से केंद्र सरकार के उस प्रावधान पर चिंता जताई, जिसमें 100 मीटर से नीचे की पहाड़ियों को पहाड़ी की श्रेणी में न रखने की बात कही गई है। कटारिया ने कहा कि अरावली क्षेत्र के करीब 90 प्रतिशत पहाड़ 100 मीटर से नीचे के हैं, ऐसे में यह निर्णय अरावली को खत्म करने जैसा है। उन्होंने दो टूक कहा कि हम अरावली को बिकने नहीं देंगे। आमजन को जोड़ने के लिए हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस की ओर से टोल फ्री नंबर 9873036161 और वेबसाइट जारी की गई है, जहां लोग मिस्ड कॉल देकर या ऑनलाइन माध्यम से अपना समर्थन दर्ज करा सकते हैं।

# परिणीति में दिखा न्यू मॉम का कॉन्फिडेंस



अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा इन दिनों पेरेंटिंग फेज को एंजॉय कर रहे हैं। शादी के दो साल बाद कपल ने 19 अक्टूबर 2025 को अपने पहले बेटे का स्वागत किया था, जो अब दो महीने का हो चुका है। इसी बीच परिणीति चोपड़ा ने अपनी फिटनेस को लेकर फैंस को चौंका दिया है। हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह बेहद स्लिम और फिट नजर आ रही हैं। वीडियो देखकर यह अंदाजा लगाना मुश्किल है कि वह कुछ ही समय पहले मां बनी हैं। वीडियो के साथ परिणीति ने मजाकिया कैप्शन लिखा, आज स्टोरेज ऑर्गनाइज करने का टाइम निकाला था, लेकिन ध्यान भटक गया और कुछ भी नहीं किया पोस्टपार्टम गर्ल के पक्के लक्षण।

## आम्रपाली दुबे ने हिजाब विवाद पर दिया बयान

### कहा अगर भावनाओं को ठेस पहुंची है तो होनी चाहिए कार्रवाई

बिहार में हिजाब विवाद गमार्या हुआ है। यह मामला तब सामने आया, जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 15 दिसंबर को आयुष डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के कार्यक्रम में एक महिला डॉक्टर नुसरत परवीन का हिजाब हटाया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ और विवाद ने तूल पकड़ लिया। विपक्षी पार्टियों ने मुख्यमंत्री के व्यवहार की निंदा की और माफी की मांग की। वहीं, एनडीए के कुछ नेता इस घटना का बचाव करते नजर आए। इस बीच विवाद पर भोजपुरी फिल्म जगत की मशहूर अभिनेत्री आम्रपाली दुबे ने भी अपनी राय जाहिर की। आम्रपाली दुबे ने कहा, मेरा मानना है कि कपड़े हर व्यक्ति की अपनी पसंद का हिस्सा हैं। लेकिन अगर किसी की भावनाओं को ठेस पहुंची है, तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई होनी चाहिए। किसी भी परिस्थिति में दूसरों की भावनाओं का सम्मान करना जरूरी है। आम्रपाली दुबे के पहले हिजाब विवाद पर दिग्गज लेखक और कवि जावेद अख्तर ने भी इस घटना की कड़ी आलोचना की और कहा कि मुख्यमंत्री को महिला से बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए।



# जेल से सुकेश का जैकलीन को क्रिसमस गिफ्ट, लग्जरी मेंशन लव नेस्ट अभिनेत्री के नाम करने का दावा किया

जेल में बंद कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर ने एक बार फिर अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को क्रिसमस के मौके पर एक रोमांटिक लेटर लिखा। इस लेटर में सुकेश ने जैकलीन को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें बेवर्ली हिल्स में एक शानदार मेंशन गिफ्ट करने का ऐलान किया है।

सुकेश ने लेटर में बताया कि इस घर का नाम लव नेस्ट रखा है, जो उनके प्यार का प्रतीक है। पत्र में सुकेश ने जैकलीन को ह्यमेरा बच्चा, मेरा बोम्मा और मेरी जैकलीन कहकर संबोधित किया है। उन्होंने लिखा, क्रिसमस का त्योहार तुम्हारे साथ बिताए खास पलों की याद दिलाता है और हमारा प्यार हमेशा यादगार रहेगा।

सुकेश ने कहा कि इस बार का गिफ्ट कोई साधारण चीज नहीं, बल्कि कुछ ऐसा है जो क्रिसमस ट्री के नीचे फिट नहीं हो सकता। हालांकि, सुकेश ने इस बात का अफसोस भी जताया कि वह जैकलिन की खुशी भरी मुस्कान नहीं देख पा रहे हैं। सुकेश ने पत्र में बताया, ह्र ह्यद लव नेस्टह्ल वह घर है जो मैंने हम दोनों के लिए बनवाया था। पहले तुम्हें लगता था कि यह पूरा नहीं होगा, लेकिन मैंने इसे पूरा कर लिया और अब क्रिसमस के दिन इसे गिफ्ट कर रहा हूं। यह घर पहले की योजना से भी बड़ा और बेहतर है। खास बात यह है कि घर के आसपास एक निजी 19-होल गोल्फ कोर्स है, जो पूरे अमेरिका में अपनी तरह का अनोखा है। लेटर में सुकेश ने जैकलिन की मां को भी याद किया, जिनकी मुस्कान और आशीर्वाद को वह हमेशा महसूस करते हैं। उन्होंने कहा, मां हमेशा हमारे साथ हैं। मैं खुद को पूरी तरह तुम्हारे हवाले कर चुका हूं। तुम्हारे बिना मेरी जिंदगी में कोई रंग नहीं है और हर पल तड़प जैसा लगता है। दुनिया से मिले घाव सिर्फ तुम्हारे प्यार से ठीक होंगे और आगे का सफर साथ मिलकर तय करेंगे। उन्होंने प्यार की कांच और नाजुक धागे से तुलना करते हुए कहा, ह्लमैं तुम्हें हमेशा अपने आसपास महसूस करता हूं, जैसे कोई भावना। हमारा पुराना समय फिर से वापस आएगा और हम दोनों साथ में कई खूबसूरत यादें बनाएंगे। मैं तुम्हारी खुशियों को कभी कम नहीं पड़ने दूंगा। मैं तुमसे बहुत प्यार करता हूं। एक और सरप्राइज का जिक्र करते हुए सुकेश ने बताया कि वह आईपीएल टीम का मालिक बनने की कोशिश कर रहे हैं और आरसीबी के लिए बोली लगा चुके हैं। ईश्वर के आशीर्वाद से सफलता मिलेगी। अंत में सुकेश ने जैकलिन को बहुत मिस करने की बात कही और वादा किया कि जल्द ही वह उनसे मिलेंगे।

# एशिया कप फाइनल में फ्लॉप रहे वैभव सूर्यवंशी का धमाका, 36 गेंदों पर ठोका शतक, दोहरे शतक से चूके




**रांची, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।** बाएं हाथ के युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ अंडर-19 के एशिया कप फाइनल में फ्लॉप रहे थे। उनकी असफलता की वजह से भारतीय टीम को बड़ी हार का सामना करना पड़ा था। उस असफलता को पीछे छोड़ते हुए वैभव ने विजय हजारे ट्रॉफी में धमाकेदार वापसी की है और महज 36 गेंदों पर शतक लगाया है। विजय हजारे ट्रॉफी में वैभव सूर्यवंशी बिहार की तरफ से खेल रहे हैं। रांची के जेएससीए ओवल ग्राउंड में बिहार का अरुणाचल प्रदेश के साथ मैच चल रहा है। बिहार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। ओपनिंग करने आए वैभव ने महज 36 गेंदों पर धमाकेदार शतक जड़ा। पारी की शुरूआत से ही वैभव अरुणाचल प्रदेश के गेंदबाजों पर भारी पड़ रहे थे। वैभव के बल्ले से निकलने के बाद गेंद बाउंड्री लाइन के पार ही दिख रही थी। सिर्फ 36 गेंदों में शतक लगाने वाले वैभव ने 84 गेंदों पर 15 छक्के और 16 चौकों की मदद से 190 रन की पारी खेली। वैभव के पास दोहरा शतक लगाने का पूरा मौका था, लेकिन वह 27वें ओवर की चौथी गेंद पर आउट हो गए। साल 2025 में अलग-अलग फॉर्मेट में कई शतक लगा चुके वैभव सूर्यवंशी ने अंडर-19 एशिया कप में भी शतक लगाया था, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ दोनों ही मैचों में बड़ा स्कोर बनाने में वह असफल रहे थे। फाइनल में उनसे बड़ी पारी की उम्मीद थी। भारत को पाकिस्तान ने 348 का लक्ष्य दिया था। इसके लिए वैभव का क्रीज पर लंबी पारी खेलना जरूरी था। वैभव ने शुरूआत अच्छी की थी और 10 गेंद पर 26 रन बनाए थे, लेकिन वह इस पारी को बड़ी में तब्दील नहीं कर पाए थे।



# मैं हमेशा अपने खिलाड़ियों के समर्थन में खड़ा रहूंगा: बेन स्टोक्स

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।**

एशेज सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया में मौजूद इंग्लैंड क्रिकेट टीम मैदान पर लगातार निराशाजनक प्रदर्शन की वजह से आलोचना का सामना तो कर ही रही है, दूसरे और तीसरे टेस्ट के बीच कुछ खिलाड़ियों के ज्यादा शराब पीने की वजह से भी विवादों में है। विवादों के बीच इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स अपनी टीम के समर्थन में आए हैं।

मेलबर्न टेस्ट से पहले बेन स्टोक्स ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं इस पल को अभी कैसे संभालता हूं, यह मेरे लिए सबसे जरूरी है। वहां मौजूद सभी लोगों और शायद कुछ खास लोगों की भलाई मेरे लिए अभी इंग्लैंड के कप्तान के तौर पर सबसे जरूरी है। इस तरह की चीजें, मुझे नहीं पता कि मेरे करीब सही शब्द हैं या नहीं, लेकिन कुछ ऐसा है जिसका मुझे खुद अनुभव है कि यह लोगों पर कैसे असर डाल सकता है। इंग्लैंड के कप्तान के तौर पर मेरा काम अपने खिलाड़ियों को जितना हो सके उतना बचाना है।

उन्होंने कहा, इंग्लैंड के कप्तान के तौर पर मेरा मुख्य काम यह सुनिश्चित करना है कि उन्हें पता चले कि उन्हें मेरा समर्थन है क्योंकि मेरे लिए सबसे जरूरी चीज, अभी यहां बैठे हुए, खिलाड़ियों का एक ग्रुप है जिन्हें मैं इस देश और इस ट्रिप के बाकी हिस्से के लिए बाहर जाकर परफॉर्म करने की कोशिश करने के लिए सबसे अच्छी स्थिति में ला सकूं।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुई थी। इसे ह्यस्टैग डूह्ल के नाम से प्रचारित किया गया है। इसमें कुछ खिलाड़ी शराब पीते हुए दिखे। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड अभी इंग्लिश टीम के शराब पीने के कल्चर के दावों की जांच कर रहा है, जब बेन डकेट का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वे नशे में दिख रहे थे।

इंग्लैंड क्रिकेट टीम एशेज 2025-26 के शुरूआती तीन टेस्ट गंवाकर सीरीज हार चुकी है। इंग्लैंड के खेलने के तरीके पर सभी सवाल उठे हैं। इंग्लैंड के कप्तान का अगला लक्ष्य सीरीज के बचे हुए दो टेस्ट मैचों में अच्छा प्रदर्शन करना है।



## बर्थडे पार्टी में झूमती दिखीं अंकिता लोखंडे

टीवी इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने हाल ही में अपना 41वां जन्मदिन धूमधाम से सेलिब्रेट किया। बर्थडे पार्टी की कई तस्वीरें और वीडियो उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर किए, जिनमें वह दोस्तों और पति विक्की जैन के साथ जमकर एंजॉय करती नजर आईं। हालांकि, जश्न के बीच सामने आए कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर बहस का विषय बन गए। वायरल क्लिप्स में एक वीडियो खास तौर पर चर्चा में रहा, जिसमें विक्की जैन अंकिता के गाल पर किस करके आगे बढ़ते हैं, लेकिन अंकिता उन्हें रोककर दोबारा किस करने को कहती नजर आती हैं। इस दौरान विक्की के हाव-भाव को लेकर यूजर्स ने तरह-तरह की टिप्पणियां कीं। कई लोगों ने इसे ह्लदिखावाह्न और ह्लओवरएक्टिंगह्न करार दिया, तो कुछ ने लिखा कि विक्की इस पूरे मोमेंट में असहज लग रहे हैं। कुछ अन्य वीडियोज में अंकिता पैपराजी पर नाराज होती दिखीं, जिस पर भी सोशल मीडिया यूजर्स की राय बंटी हुई नजर आई। जहां कुछ फैंस ने अंकिता का समर्थन किया, वहीं कुछ ने इसे जरूरत से ज्यादा रिएक्शन बताया। ट्रोलिंग के बीच विक्की जैन ने अंकिता के लिए एक प्यार भरा पोस्ट शेयर किया। उन्होंने लिखा कि अंकिता हमेशा अपनों के लिए मजबूती से खड़ी रहती हैं और जब किसी को सबसे ज्यादा जरूरत होती है, तब वह ढाल बन जाती हैं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# बांग्लादेश पुलिस ने ऑपरेशन डेविल हंट-2 फिर से किया शुरू, 24 घंटे में 663 लोग गिरफ्तार

» **ढाका, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।**

बांग्लादेश पुलिस ने ऑपरेशन डेविल हंट फेज-2 के तहत 24 घंटे में पूरे देश में कम से कम 663 लोगों को गिरफ्तार किया। बांग्लादेश पुलिस की ओर से यह कार्रवाई कानून-व्यवस्था बहाल करने और गैर-कानूनी हथियार बरामद करने के लिए देश भर में शुरू की गई। स्थानीय मीडिया ने एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी। बांग्लादेश पुलिस हेडक्वार्टर के असिस्टेंट इंस्पेक्टर-जनरल (मीडिया और पब्लिक रिलेशन्स) एएचएम शहादत हुसैन ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए कहा कि ऑपरेशन के पिछले 24 घंटों के दौरान 663 लोगों को कस्टडी में लिया गया और नौ हथियार बरामद किए गए।

बांग्लादेशी मीडिया ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश के अलग-अलग जगहों पर पुलिस ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। इसके तहत, 26,881 मोटरसाइकिल और 26,573 गाड़ियों की तलाशी ली गई। इस दौरान 342 गैर-कानूनी मोटरसाइकिल जब्त की गईं।



इससे पहले ऑपरेशन डेविल हंट फेज-2 के तहत बांग्लादेशी पुलिस ने देशभर से कम से कम 4,232 लोगों को गिरफ्तार किया था। इस सिलसिले में स्थानीय मीडिया की ओर से साझा जानकारी में कहा गया कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने 13 दिसंबर को पूरे देश में ह्यऑपरेशन डेविल हंट फेज-2ह्व शुरू करने का फैसला किया।

इस ऑपरेशन को शुरू करने का मकसद फरवरी 2026 के चुनावों से पहले गैर-कानूनी हथियारों का इस्तेमाल करके होने वाली तोड़-फोड़ वाली गतिविधियों को रोकना है। ढाका में पत्रकारों को संबोधित करते हुए, अंतरिम सरकार के गृह मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी ने कानून और व्यवस्था की स्थिति पर एक कोर कमेटी की बैठक के बाद इस फैसले की घोषणा की। यह बैठक इंकलाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी पर हमले के एक दिन बाद हुई थी। ऑपरेशन डेविल हंट की शुरूआत इस साल 7 फरवरी को की गई थी। पूर्व लिबरेशन वॉर अफेयर्स मिनिस्टर एकेएम मोजम्मेल हक के घर पर 15-16 छात्रों पर हमला हुआ था। इसके बाद ही ऑपरेशन डेविल हंट को शुरू किया गया।

मानवाधिकार संगठन मंधाका संस्कृति फाउंडेशन (एमएसएफ) का हवाला देते हुए, प्रोथोम आलो ने बताया कि 8 फरवरी से 28 फरवरी तक पूरे बांग्लादेश में ऑपरेशन डेविल हंट में 11,313 लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

रिपोर्ट में बताया गया कि गिरफ्तार किए गए ज्यादातर लोग सत्ता से हटाई गई अवामी लीग सरकार के सदस्य थे। यूनुस की अंतरिम सरकार के तहत बांग्लादेश में हिंसा और बढ़ते राजनीतिक बदले की भावना में खतरनाक बढ़ोतरी देखी गई है। यूनुस के शासन में देश में अराजकता की स्थिति बनी हुई है।

## जापान ने क्योटो में ह्यबर्ड फ्लू संक्रमण की पुष्टि की

**टोक्यो, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।** जापान के कृषि मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि आनुवंशिक परीक्षण से क्योटो प्रांत के एक फार्म में अत्यधिक संक्रामक बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। यह इस मौसम में देश में बर्ड फ्लू का नौवां संक्रमण है। कृषि, वानिकी और मत्स्य मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार यह संक्रमण क्योटो प्रांत के कामेओका शहर में स्थित एक मुर्गी फार्म में हुआ, जहां लगभग 280,000 मुर्गियां हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को किये गये आनुवंशिक परीक्षण से अत्यधिक संक्रामक एवियन इन्फ्लुएंजा वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई है। संबंधित दिशानिर्देशों के अनुसार, फार्म की सभी मुर्गियों को मारकर जला दिया जाएगा और दफना दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त तीन किलोमीटर के दायरे में स्थित फार्मों को मुर्गियों और अंडों को स्थानांतरित करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, जबकि 3 से 10 किलोमीटर के दायरे में स्थित अन्य फार्मों को पोल्ट्री उत्पादों को क्षेत्र से बाहर ले जाने की अनुमति नहीं है। एक बयान में कहा गया है कि संक्रमण को रोकने के लिए फार्म के आसपास कीटाणुशोधन प्रयासों को तेज कर दिया गया है और एक महामारी विज्ञान जांच दल को भेजा गया है। आवश्यकता पड़ने पर मंत्रालय के विशेषज्ञों को भी भेजा जाएगा। जापान में एवियन इन्फ्लुएंजा का मौसम आमतौर पर शरद ऋतु से लेकर अगली वसंत ऋतु तक चलता है। इस मौसम में पहले हुए आठ प्रकोपों के कारण लगभग 24 लाख मुर्गियों को मारा जा चुका है।

## तुर्किये में विमान हादसे में लीबिया के सेना प्रमुख की मौत, चार अन्य भी मारे गए

**अंकारा, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।** तुर्किये में हुए एक दर्दनाक विमान हादसे में लीबिया के सेना प्रमुख (चीफ ऑफ जनरल स्टाफ) जनरल मोहम्मद अली अहमद अल-हद्दाद समेत कुल पांच लोगों की मौत हो गई। लीबिया की त्रिपोली स्थित सरकार ने मंगलवार देर शाम इस हादसे की आधिकारिक पुष्टि की। यह दुर्घटना उस समय हुई, जब अल-हद्दाद तुर्किये की राजधानी अंकारा की आधिकारिक यात्रा पूरी करने के बाद स्वदेश लौट रहे थे। लीबिया के प्रधानमंत्री अब्दुलहमीद दबीबा ने सोशल मीडिया पर शोक संदेश जारी करते हुए कहा कि जनरल अल-हद्दाद की मौत देश के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने इसे लीबियाई सेना और पूरे राष्ट्र के लिए गहरा आघात बताया। सरकार के बयान में कहा गया कि अल-हद्दाद और उनके सहयोगी देश की सेवा, अनुशासन और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का प्रतीक थे। तुर्की अधिकारियों के अनुसार, निजी जेट फाल्कन-50 ने 23 दिसंबर की शाम 8:17 बजे अंकारा के एसेनबोगा एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। उड़ान के करीब 15 मिनट बाद विमान में तकनीकी खराबी, विशेष रूप से इलेक्ट्रिकल फेल्योर की सूचना मिली।

## ईरान पर आ सकता है संकट, तफ्तान ज्वालामुखी 7 लाख साल बाद फिर सक्रिय!

**तेहरान, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।** ईरान के दक्षिण-पूर्वी इलाके में स्थित माउंट तफ्तान ज्वालामुखी, जो पिछले करीब 7 लाख साल से खामोश था, अब उसके सक्रिय होने के संकेत मिल रहे हैं। वैज्ञानिकों के एक नए अध्ययन के मुताबिक इस ज्वालामुखी के शिखर पर जमीन ऊपर उठ रही है, जो दबाव बढ़ने का संकेत है। यह खोज यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के सेंटिनल-1 सैटेलाइट से मिले डेटा पर आधारित है। जुलाई 2023 से मई 2024 के बीच तफ्तान के शिखर के पास जमीन करीब 9 सेंटीमीटर ऊपर उठ गई। यह उठाव धीरे-धीरे हुआ। अब तक नीचे नहीं आया है। वैज्ञानिकों ने इंटरफेरोमेट्रिक सिंथेटिक अपर्चर रडार तकनीक का इस्तेमाल किया।

## बांग्लादेश में निष्पक्ष चुनाव पर अमेरिकी सांसदों की चेतावनी

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।**

अमेरिका के कुछ प्रभावशाली सांसदों ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को चेतावनी दी है कि अगर फरवरी में होने वाले चुनावों से पहले राजनीतिक दलों की भागीदारी पर रोक लगाई गई, तो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना संभव नहीं होगा।



इन सांसदों ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने कहा कि सरकार को सभी राजनीतिक दलों से संवाद कर लोकतांत्रिक संस्थाओं में लोगों का भरोसा दोबारा कायम करना चाहिए। यह पत्र अमेरिकी सांसद ग्रेगरी डब्ल्यू. मीक्स, बिल हुइजेंगा और सिडनी कैमलैगर-डोव ने लिखा, जबकि जूली जॉनसन और थॉमस आर. सुओजी ने भी इस पर हस्ताक्षर किए। मंगलवार को यूनुस को लिखे पत्र में सांसदों ने लिखा, हम बांग्लादेश में राष्ट्रीय संकट के समय अगले साल फरवरी में होने वाले चुनावों से पहले एक अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के लिए आपके आगे आने की इच्छा का स्वागत करते हैं। ये बहुत जरूरी है कि अंतरिम सरकार सभी राजनीतिक दलों के साथ मिलकर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए माहौल बनाए, जिससे लोग शांतिपूर्ण तरीके से मतदान के जरिए अपनी राय रख सकें। साथ ही ऐसे सुधार हों जो राज्य संस्थानों की निष्पक्षता और ईमानदारी में विश्वास बहाल करें।

उन्होंने चिंता जताई कि अगर सरकार राजनीतिक दलों की गतिविधियां निलंबित करती है या फिर विवादित अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण को दोबारा शुरू करती है, तो चुनाव प्रक्रिया पर लोगों का भरोसा और कमजोर हो सकता है। अमेरिकी सांसदों ने यह भी याद दिलाया कि अमेरिकी विदेश विभाग और अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों ने बांग्लादेश के 2018 और 2024 के आम चुनावों को पूरी तरह स्वतंत्र और निष्पक्ष नहीं माना था।

## अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप प्रशासन को इलिनोइस में नेशनल गार्ड तैनात करने से रोका

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।**



अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेशनल गार्ड को इलिनोइस राज्य में भेजने से रोक दिया है, जिससे प्रशासन को झटका लगा है।

सिन्हुआ न्यूज एजेंसी के अनुसार, कोर्ट ने 6-3 वोटों से ट्रंप प्रशासन के अनुरोध को खारिज कर दिया। कोर्ट ने अपनी वेबसाइट पर पब्लिश एक ऑर्डर में कहा, इस शुरूआती स्टेज पर, सरकार ऐसा कोई अथॉरिटी सोर्स नहीं बता पाई है जो सेना को इलिनोइस में कानूनों को लागू करने की इजाजत दे। यह विवाद 4 अक्टूबर का है, जब ट्रंप ने इलिनोइस नेशनल गार्ड के 300 सदस्यों को इलिनोइस में, खासकर शिकागो और उसके आसपास एक्टिव फेडरल सर्विस में बुलाया था। कोर्ट के अनुसार, अगले दिन टेक्सास नेशनल गार्ड के सदस्यों को भी फेडरल सर्विस में शामिल किया गया और शिकागो भेजा गया। 9 अक्टूबर को, इलिनोइस के नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट के यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने एक अस्थाई रोक लगाने वाला ऑर्डर जारी किया, जिसमें इलिनोइस में नेशनल गार्ड को फेडरल सर्विस में शामिल करने और उनकी तैनाती पर रोक लगा दी गई। यह फैसला 16 अक्टूबर को सेवेंथ सर्किट के यूएस कोर्ट ऑफ अपील्स ने बरकरार रखा, जिसने प्रशासन को नेशनल गार्ड को फेडरल सर्विस में शामिल करने की इजाजत दी, लेकिन उनके सदस्यों को तैनात करने की नहीं। इसके बाद ट्रंप प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एबिगेल जैक्सन ने इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने फेडरल कानून लागू करने वाले अधिकारियों की सुरक्षा के लिए नेशनल गार्ड को एक्टिव किया था ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दंगाई फेडरल इमारतों और प्रॉपर्टी को नुकसान न पहुंचाएं।

## बांग्लादेश में निष्पक्ष चुनाव पर अमेरिकी सांसदों की चेतावनी

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 24 दिसम्बर।**

अमेरिका के कुछ प्रभावशाली सांसदों ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को चेतावनी दी है कि अगर फरवरी में होने वाले चुनावों से पहले राजनीतिक दलों की भागीदारी पर रोक लगाई गई, तो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना संभव नहीं होगा।



इन सांसदों ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने कहा कि सरकार को सभी राजनीतिक दलों से संवाद कर लोकतांत्रिक संस्थाओं में लोगों का भरोसा दोबारा कायम करना चाहिए। यह पत्र अमेरिकी सांसद ग्रेगरी डब्ल्यू. मीक्स, बिल हुइजेंगा और सिडनी कैमलैगर-डोव ने लिखा, जबकि जूली जॉनसन और थॉमस आर. सुओजी ने भी इस पर हस्ताक्षर किए।

मंगलवार को यूनुस को लिखे पत्र में सांसदों ने लिखा, हम बांग्लादेश में राष्ट्रीय संकट के समय अगले साल फरवरी में होने वाले चुनावों से पहले एक अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के लिए आपके आगे आने की इच्छा का स्वागत करते हैं।

ये बहुत जरूरी है कि अंतरिम सरकार सभी राजनीतिक दलों के साथ मिलकर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए माहौल बनाए, जिससे लोग शांतिपूर्ण तरीके से मतदान के जरिए अपनी राय रख सकें। साथ ही ऐसे सुधार हों जो राज्य संस्थानों की निष्पक्षता और ईमानदारी में विश्वास बहाल करें।

उन्होंने चिंता जताई कि अगर सरकार राजनीतिक दलों की गतिविधियां निलंबित करती है या फिर विवादित अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण को दोबारा शुरू करती है, तो चुनाव प्रक्रिया पर लोगों का भरोसा और कमजोर हो सकता है।

अमेरिकी सांसदों ने यह भी याद दिलाया कि अमेरिकी विदेश विभाग और अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों ने बांग्लादेश के 2018 और 2024 के आम चुनावों को पूरी तरह स्वतंत्र और निष्पक्ष नहीं माना था। उनका कहना है कि आने वाले चुनाव की विश्वसनीयता इस बात पर निर्भर करेगी कि अंतरिम सरकार पहले की उन नीतियों से कितना अलग रास्ता अपनाती है, जिनकी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आलोचना हुई थी।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *